नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 287 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, गुरुवार 25 अगस्त 2022

पेज -3 पर बायपास रोड और बेलसोंडा में ओवर ब्रिज निर्माण के लिए जल्द मिलेगी...

राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन को इतिहास के आईने में.... पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### दुर्ग एनएसयूआई ने पुरंदेश्वरी से की माफी की मांग

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी की डी पुरंदेश्वरी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर श्राप देते हुए विवादित बयान दिया था। जिसके विरोध में आज एनएसयूआई छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू साहू के निर्देशानुसार छात्र नेता अमन दुबे एवं संयुक्त दुर्ग एनएसयूआई के साथियों के नेतृत्व में जेल चौक के पास हाथों में विरोध स्लोगन लिखे नारो को पकड़कर विरोध प्रदर्शन करते हुए बयान को वापस लेने और माफी मांगने की बात कही है।

विवादित बयान पर एनएसयूआई के छात्र नेता अमन दुबे एवं गोल्डी कोसरे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और डी पुरंदेश्वरी से मांफी मांगने को कहा है। उन्होंने कहा कि पुरंदेश्वरी ने अमानवीयता की हदों को पार कर दिया है।

### यात्रियों की सुविधा के लिये ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की व्यवस्था

**रायपुर ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है 7 इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे 7 साथ ही सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए भी जनरल कोच लगाए जा रहे हैं विवरण इस प्रकार है।

प्रदर्शन.... हंगामे, हिरासत के बाद बीजेवायएम का हल्ला बोल खत्म

# बृजमोहन-मूणत सहित कई नेता गिरफ्तार, सेंट्रल जेल ले जाए गए, पुलिस ने पूरा संयम बरता







*रायपुर। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी और बढ़ते अपराधों के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में BJP ने बुधवार को राजधानी रायपुर में हल्ला बोला। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता रास्ते के बैरिकेड्स तोड़, पुलिस वालों से जूझते हुए मुख्यमंत्री निवास के करीब पहुंच गए थे।*

यहां से इनकी गिरफ्तारी का दौर शुरू हुआ। इस दौरान कार्यकर्ता मुख्यमंत्री निवास की बाउंड्री तक पहुंच गए, लेकिन पुलिस और सुरक्षाबलों ने बल प्रयोग नहीं किया। कहीं वॉटर कैनन भी नहीं चलाई गई। कई स्थानों पर तो जवान बिना लाठियों के तैनात थे और हाथों से ही प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश कर रहे थे।

रायपुर विधायक बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत सहित कई नेताओं और हजारों कार्यकर्ताओं को शाम पांच बजे गिरफ्तार कर लिया गया। कई बसों में नेताओं-कार्यकर्ताओं को भरकर सेंट्रल जेल कैंपस भेजा गया। यहां पहले से ही हिरासत में लिए गए अकलतरा विधायक सौरभ सिंह, प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव सहित कुछ नेताओं को रखा गया था। इन सभी को जेल परिसर के ओपन एरिया में रखा गया था। इनके नाम-पते नोट किए गए।



ऐसा पहली बार हुआ था कि भीड़ सीएम हाउस के इतने करीब पहुंच गई थी। इससे पहले नगर निगम के पास हुई सभा में मंच से क्छ्छ्ङ्ग्रू अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि दिसंबर तक सभी सरकारी वेकैंसी को भरा जाए। साथ ही अनियमित कर्मचारियों को नियमित करें। इसके लिए भूपेश सरकार को 3 माह का अल्टीमेटम देते हैं। इसके बाद फिर से आंदोलन होगा।

रायपुर नगर निगम के सामने बनाए गए मंच के पास हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए थे।

मंच पर प्रदेश प्रभारी डी.पुरंदेश्वरी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या सहित अन्य नेता पहुंचे थे।

मंच पर प्रदेश प्रभारी डी.पुरंदेश्वरी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या सहित अन्य नेता पहुंचे थे।

सांसद तेजस्वी सूर्या के साथ ही मंच पर प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या सहित अन्य नेता मौजूद रहे। सांसद तेजस्वी के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के नारे लगाए। विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ जमकर नारेबाजी की।

### पहली बार कंटेनर वाली बैरिकेडिंग

इस प्रदर्शन के मद्देनजर बड़ी-बड़ी शिप या ट्रक में एक्सपोर्ट इम्पोर्ट में इस्तेमाल होने वाले कंटेनर्स का इस्तेमाल भाजपा नेताओं को रोकने के लिए किया गया था।। घड़ी चौक के पास टीन शीट से बैरिकेडिंग की गई थी, इसके अलावा कंटेनर्स भी रखे गए थे। इस तरह की बैरिकेडिंग संभवतः पहली बार की गई थी।

### प्रशासन ने आठ-नौ हजार की भीड़ मानी, 450 की गिरफ्तारी

उधर, रायपुर जिला प्रशासन ने बताया है, भाजपा और भाजयुमो ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास के घेराव की घोषणा की थी। इसको देखते हुए तीन स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। इस आयोजन में भाजपा के आठ हजार से नौ हजार कार्यकर्ता शामिल हुए थे। भाजपा ने रैली भी निकाली, जिसमें कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स को तोड़ दिया। कई स्थानों पर ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों के साथ झूमाझटकी हुई है। कुछ पुलिस वालों को चोट आई है। कुछ को फ्रैक्चर हुआ है। बताया गया, लगभग 450 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल ले जाया गया है।





## हल्की रिमझिम की बाद खिली धूपःतीन दिनों की राहत के बाद कल से फिर बरसात

छत्तीसगढ़ का अधिकांश हिस्सा भीगेगा




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तीन दिनों तक भारी और अनवरत बारिश से राहत देने के बाद मानसूनी बादल फिर से लौट आए हैं। रायपुर में बुधवार सुबह हल्की बुंदाबादी के बाद धूप खिल गई है। हालांकि आसमान में बादलों के झुंड मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार से वर्षा की गतिविधियां बढ़ जाएंगी। 25 अगस्त से अगले तीन-चार दिनों के लिए अच्छी बरसात की संभावना बन रही है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया, मानसून का अधिकतर हिस्सा बीत चुका है। ऐसे में वर्षा गतिविधियां अब ढलान की ओर हैं। इन दो-तीन दिनों के ब्रेक के बाद एक बार फिर वर्षा गतिविधियां बढ़ने वाली हैं। 24 अगस्त से पूरे प्रदेश में बादल बढ़ेंगे। सामान्य वर्षा होगी। 25 अगस्त से 27 अगस्त तक प्रदेश के अधिकांश हिस्से में बरसात होने की संभावना बन रही है।

## गुलूमकोड़ो आश्रम में 13 बालक मिले कोरोना से संक्रमित

नारायणपुर । जिले के गुलूमकोड़ो आश्रम शाला में हुई कोरोना जांच में आश्रम शाला के 13 बालक कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ विभाग की टीम ने जिला मुख्यालय से करीब 17 किलोमीटर दूर गुलूमकोड़ो बालक आश्रम शाला के बच्चों के कोरोना एंटीजेन किट में जांच की थी, इस जांच में करीब 13 बालक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे स्वास्थ विभाग की टीम ने संक्रमित छात्रों को दवाइयां प्रदान कर इसका सेवन करने की समझाइश दी है। इसके साथ ही कांकरबेड़ा गांव में 02 एवं नारायणपुर 01 कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इससे मंगलवार को हुए 198 सैम्पल की जांच में 16 लोगो की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। इससे जिले में कोरोना एक्टिव मामलों की संख्या 19 तक पंहुच गई है।

## राज्य के कुछ स्थानों में हल्की बारिश के साथ वज्रपात की संभावना




**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. अधिकतम तापमानों में प्रदेश के सभी संभागों में परिवर्तन नहीं हुए। प्रदेश के बस्तर, दुर्ग और रायपुर संभागों में सामान्य से अधिक और शेष में संभागों में सामान्य रहे. वहीं प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की सांभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून द्रोणिका जैसलमेर, पूर्वी राजस्थान और उससे लगे उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित चिह्नित निम्न दाब का केंद्र, शिवपुरी, बांदा, पटना, बंकोरा, डायमंड हार्बर और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक माध्य समुद्र तल पर स्थित है. एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

हल्लाबोल.. भूपेश सरकार हैशटेग करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा

## विरोध की आवाज दबाने सड़कों पर उतारे कंटेनर डॉ. रमन बोले- भूपेश जी यह शुरुआत है, टैंक भी बुला लीजियेगा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा का बुधवार को राजधानी रायपुर में बड़ा प्रदर्शन है। इस प्रदर्शन का नेतृत्व करने भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या सुबह रायपुर पहुंचे।

प्रदेशभर से हजारों की संख्या में युवा बस और ट्रेन से रायपुर पहुंचे हैं। भाजयुमो के हल्लाबोल कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस व भाजपा के नेताओं के बीच जुबानी जंग भी चल रही है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने भूपेश बघेल पर फिर हमला बोला। उन्होंने अपने ट्विटर एकाउंट पर लिखा- युवाओं से इतना डर की विरोध की आवाज को दबाने सरकार ने सड़कों पर कंटेनर उतार दिए हैं। डॉ. रमन ने कहा कि भूपेश जी अभी तो बस यह शुरुआत है। वादे नहीं निभाये तो टैंक भी बुला लीजियेगा। यह आवाज़ें अब दबने वाली नहीं हैं। छत्तीसगढ़ ने इतनी डरपोक और कायर सरकार कभी नहीं देखी। उन्होंने युवा भरे हुंकार रोजगार दो भूपेश सरकार हैशटेग




करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। डॉ. रमन ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र के वादों को पूरा नहीं किया है। 10 लाख बेरोजगारों को रोजगार या फिर 2500 बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी। पौने 4 साल में सरकार ने सिर्फ बेरोजगार युवाओं से छल किया है। इस सरकार को युवा अब उखाड़ फेकेंगे।

### प्रदेशभर से सीएम हाउस घेरने रायपुर पहुंचे युवा

बता दें कि 24 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी ने सीएम हाउस घेराव के लिए हल्लाबोल कार्यक्रम रखा है। रायपुर में प्रदेशभर से एक लाख से ज्यादा युवा मोर्चा और भाजपा के कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद है। भाजपा युवा मोर्चा रायपुर के अलग-अलग स्थानों से रैली निकालकर सीएम हाउस घेराव करने निकलेगी। जिला व पुलिस प्रशासन ने युवाओं को रोकने के लिए चौक चौराहों पर कड़े इंतजाम कर रखे हैं।

## छत्तीसगढ़ में शिक्षा लोकल से लेकर ग्लोबल लैंग्वेज में - मुख्यमंत्री

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज हिंदुस्तान टाइम्स के एजुकेशन समिट में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल से छत्तीसगढ़ में शिक्षा को लेकर किए जा रहे नवाचार पर बात हुई। परिचर्चा में मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में स्कूली बच्चों को शिक्षा लोकल से लेकर ग्लोबल लैंग्वेज में प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए गए हैं।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एजुकेशन समिट के दौरान छत्तीसगढ़ में शिक्षा में नवाचारों पर बात की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में इस वक्त स्कूली बच्चों को 16 स्थानीय बोलियों व चार पड़ोसी राज्यों की भाषाओं में बच्चों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। वहीं वैश्विक ज़रूरतों और बच्चों के भविष्य में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकारी स्कूलों में भी अंग्रेजी भाषा में शिक्षा देने की शुरुआत की गई है। इसके लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोले गए। वर्तमान में राज्य लगभग 300 स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हो रहे हैं। आगामी शिक्षा सत्र में 422 स्वामी आत्मानंद स्कूल होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि हम छत्तीसगढ़ के हर राज्य में अंग्रेजी माध्यम कॉलेज भी स्थापित कर रहे हैं ताकि राज्य के बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिल सके।

# संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति का दोबारा गठन, कई बड़े चेहरे बाहर, क्या हैं इसके मायने ?

लगभग डेढ़ साल बाद होने वाले लोकसभा चुनावों को देखते हुए बीजेपी ने नीति निर्धारण करने वाली अपनी सर्वोच्च इकाई संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति का फिर से गठन किया है। दोनों संगठनों में कई जगहें खाली पड़ी थीं और इसी कारण से अगस्त 2014 के बाद पहली बार इनमें बदलाव किया गया है। 2014 में लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद अमित शाह पार्टी अध्यक्ष बने थे और उन्होंने अगस्त 2014 में नए संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति का गठन किया था।

इस बोर्ड में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी की जगह शिवराज सिंह चौहान और जेपी नड्डा को बोर्ड में शामिल किया गया था। अरुण जेटली, सुषमा स्वराज और अनंत कुमार के निधन और वेंकैया नायडू के उप-राष्ट्रपति तथा थावरचंद गहलोत के राज्यपाल बनने के बाद उनकी जगह बोर्ड में खाली थी।
इसमें कुछ नए चेहरे शामिल किए गए हैं और कुछ पुराने चेहरों को बाहर किया गया है। इस बदलाव के तहत केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। नए बोर्ड में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत 11 नेताओं को शामिल किया गया है। इनमें बीएस येदियुरप्पा, सर्बानंद सोनोवाल, के.लक्ष्मण, पूर्व आईपीएस अफसर इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया और बीएल संतोष शामिल हैं। बताते चलें कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को अधिक उम्र का हवाला देते हुए 2014 में संसदीय बोर्ड से बाहर कर दिया गया था और उन्हें मार्गदर्शक मंडल में डाल दिया गया था। नए बोर्ड में अब 76 साल के सत्यनारायण जटिया और 79 साल के बीएस येदियुरप्पा को शामिल किया गया है, इसका मतलब साफ है कि बोर्ड में उम्र फैक्टर को तरजीह नहीं मिली है। इसमें सियासी गणित को ही आगे रखा गया है।

इसी सियासी गणित का एक पहलू यह भी है कि अमित शाह के कद को बढ़ा दिया गया है। पार्टी में हुए ताज़ा बदलावों को देखें तो साफ है कि संगठन और सरकार में हर जगह अमित शाह को धीरे-धीरे नंबर दो पर लाया गया है। गडकरी, शिवराज को बाहर करना और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बोर्ड में शामिल नहीं करना, कहीं न कहीं इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि अमित शाह ही नंबर दो पर रहेंगे। योगी आदित्यनाथ को बोर्ड में शामिल न किए जाने को लेकर संघ का कहना है कि बोर्ड में किसी भी मौजूदा मुख्यमंत्री को शामिल नहीं किया गया है।




> राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बोर्ड में अब वही हैं जो मोदी और शाह के करीबी हैं और यही वजह है कि राजनाथ को छोड़कर पुरानी भाजपा के ज़्यादातर चेहरे बोर्ड से गायब हैं। वहीं, आरएसएस के अधिकारियों का मानना है कि संगठन विस्तार के लिए नए-नए चेहरों की ज़रूरत होती है और यह बदलाव उसी के तहत किया गया है।

बीजेपी ने इस बदलाव से समाज के सभी वर्गों के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश की है। एक तरफ पूर्व आईपीएस अफसर इकबाल सिंह लालपुरा को शामिल कर पार्टी ने किसी सिख को पहली बार संसदीय बोर्ड में जगह दी है, तो दूसरी तरफ, असम के पूर्व सीएम सर्बानंद सोनोवाल, उत्तर पूर्वी राज्य के एसटी समुदाय से ऐसे पहले नेता हैं, जिन्हें संसदीय बोर्ड में जगह मिली हो। इकबाल को शामिल करके बीजेपी, पंजाब के वोटरों को खुश करने के साथ-साथ देशभर में फैले सिख समुदाय के लिए मैसेज देना चाहती है।

इसके अलावा, दलित चेहरे के रूप में सत्यनारायण जटिया जबकि ओबीसी की तरफ से ओबीसी मोर्चा के प्रमुख के. लक्ष्मण को बोर्ड में शामिल किया गया है। महिला सदस्य के रूप में हरियाणा से आने वाली सुधा यादव मोर्चा संभालेंगी। सुषमा स्वराज के निधन के बाद बोर्ड में महिला की कमी खल रही थी। सुधा यादव कारगिल शहीद की पत्नी हैं और इसका सैनिक परिवारों में भी बीजेपी के प्रति एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

2023 में देश के 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इनमें मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम शामिल है। ऐसा लगता है कि कर्नाटक में काफी प्रभावशाली माने जाने वाले लिंगायत समुदाय के नेता और पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा को संसदीय बोर्ड में शामिल करने का फैसला अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए लिया गया है।

सुधीर कुमार झा

## संपादकीय

### उपचुनाव में अमित शाह का प्रचार

कोई दूसरी पार्टी यह सोच भी नहीं सकती है कि एक विधानसभा सीट का उपचुनाव हो तो वहां पार्टी के दो सबसे बड़े नेताओं में से एक नेता प्रचार के लिए जाए। यह काम भाजपा कर सकती है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री रविवार को तेलंगाना गए और वहां उन्होंने मुनुगोडे विधानसभा क्षेत्र में एक सभा की। इस सभा में कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले नेता के राजगोपाल रेड्डी को पार्टी में शामिल कराया गया। वे कांग्रेस के विधायक थे और उनके इस्तीफा देने की वजह से इस सीट पर उपचुनाव होने वाला है। अमित शाह ने ऐलान किया कि मुनुगोडे सीट से राजगोपाल रेड्डी भाजपा के उम्मीदवार होंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि अगर रेड्डी जीतते हैं तो अगले साल के चुनाव में भाजपा के विधानसभा चुनाव जीतने का रास्ता साफ होगा। एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव से पहले अमित शाह के दौरे से राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शाह की यात्रा से पहले मुनुगोडे का दौरा किया। उन्होंने प्रचार अभियान की शुरुआत की। राव के लिए यह चुनाव बहुत अहम होने वाला है क्योंकि डुबाका और हुजूराबाद की दो सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा जीती थी और इससे राजनीतिक माहौल बदलना शुरू हुआ। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुनुगोडे सीट का उपचुनाव हो सकता है कि आखिरी उपचुनाव हो। इसमें जीत हार से अगले साल के चुनाव का माहौल बनेगा। प्रदेश में भाजपा ने कांग्रेस की जगह लेनी शुरू कर दी है। सिर्फ हैदराबाद के इलाके में ओवैसी की पार्टी है और बाकी पूरे प्रदेश में ऐसा लग रहा है कि टीआरएस का मुकाबला भाजपा से होगा।

# प्यासी धरती की आस, शायद इस साल झड़ेगी परियोजना के कागजों की धूल

**हम सब इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। जहां लगभग 60 से 70 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं। देश की अर्थव्यवस्था में कृषि का एक बड़ा हिस्सा है। लेकिन उन्नत कृषि के लिए सबसे जरूरी पानी है, जिसकी कमी से कृषि क्षेत्र को सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है। यही कारण है कि आजादी के बाद की सभी सरकारों ने इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया है। हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए नहरें बनवाई गईं और जहां पहले से निर्मित थीं, उनका पुनरुद्धार किया गया।**

देश के ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां नहरों का उचित रखरखाव नहीं होने के कारण वे सूख चुके हैं और उससे किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

जम्मू संभाग के सीमावर्ती जिला पुंछ स्थित झूलास गांव भी इसका एक उदाहरण है। पुंछ मुख्यालय से लगभग नौ किलोमीटर की दूरी पर बसे इस गांव की आबादी लगभग पांच हजार से अधिक है, जहां अधिकतर लोग खेती-किसानी पर निर्भर हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या गर्मियों के दौरान पानी की कमी के कारण खेतों का सूख जाना है। हालांकि इन किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए विभाग ने करीब से बहने वाली पुलस्त नदी से नहर को जोड़ा है, परंतु जो नहर इस जमीन तक पानी पहुंचाती है, वह जगह-जगह से टूट चुकी है।


टूटी नहर से मायूस किसान

झूलास गांव के चौकीदार मुंशी राम का कहना है कि यह जमीन, जिसमें पानी की कमी के कारण धान जैसी अहम फसल नहीं हो पाती है, दस से पंद्रह हजार कनाल है। इन खेतों में नहर के माध्यम से ही सिंचाई संभव थी, जिससे किसान धान और अन्य फसलें उगा पाते थे। लेकिन पिछले आठ सालों से नहर की मरम्मत नहीं होने के कारण इसमें पानी नहीं आ रहा है, जिससे किसानों ने धान उगाना बंद कर दिया है। वहीं कुछ किसानों ने पूरी तरह से खेती बंद ही कर दी है।

उन्होंने बताया कि जमीन खाली देख कुछ लोगों ने खेतों पर अवैध कब्जा करके घर बनाना शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा चलाए गए %बैक टू विलेज% प्रोग्राम के लिए आए अधिकारियों के समक्ष भी इस समस्या को रखा गया, लेकिन अभी तक इसका कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला है। गांव के एक किसान दीन मुहम्मद का कहना है कि जब नहर से पानी आता था, तो किसान धान की बुवाई किया करते थे, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी होती थी, लेकिन अब पानी की कमी के बाद मक्का जैसी सूखी फसलें बोई जाती हैं, जिसमें बहुत अधिक लाभ नहीं मिलता है। एक अन्य किसान रोशन लाल के अनुसार, नहर से न केवल फसलों की अच्छी सिंचाई हो जाती थी, बल्कि गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध हो जाता था, लेकिन इसमें जगह-जगह दरारें आ चुकी हैं, जिससे पानी ठहर नहीं पाता है। स्थानीय नागरिक केतन बाली के अनुसार, यह नहर काफी पुरानी है, जिससे किसानों को धान की फसल के लिए सिंचाई में फायदा हुआ करता था। पिछले कई सालों से इसकी मरम्मत नहीं होने के कारण यह लगभग जर्जर हो चुकी है।

गांव के सरपंच परसा राम भी इस नहर को किसानों के साथ-साथ ग्रामीण जन-जीवन के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। बारिश का मौसम अपने चरम पर है, खेत-खलिहानों को भरपूर पानी उपलब्ध हो चुका है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस बार भी मरम्मत की योजना कागजों तक सीमित रहेगी या धरातल पर बदलाव नजर आएगा?

हरीश कुमार

## मिला जुला

# भगवान शिव की विशाल प्रतिमा के साथ बने मंदिर का अनुष्ठान दूसरे दिन भी रहा जारी, महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

### स्थापना से पहले श्री नर्मदेश्वर शिव का किया इंद्रावती के जल से अभिषेक





**जगदलपुर।** शहर के ठाकुर अनुकूल देव वार्ड स्थित सीमांचल नगर में भगवान गंगाधर शिव की विशाल प्रतिमा का अनावरण सोमवार की देर शाम किया गया। इसके साथ ही श्री नर्मदेश्वर शिव की स्थापना का भव्य अनुष्ठान में आगे की प्रक्रिया शुरू की गई। मंगलवार को सुबह कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें विभिन्न समाजों की महिलाओं ने महादेव घाट से बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी का जल भरा और इसे लेकर मंदिर स्थल पहुंचीं। महिलाओं की भव्य कलशयात्रा के दौरान पूरा शहर भक्तिमय दिखा, वहीं हर हर महादेव के जयकारे भी लगते रहे।

मंदिर पहुंची कलशयात्रा में शामिल महिलाओं ने भगवान गंगाधर शिव की विशाल प्रतिमा की परिक्रमा की और यहां स्थापित होने वाली श्री नर्मदेश्वर शिव का जलाभिषेक किया। बाद में यहां सूर्य पूजा की गई, जिसके बाद गो पूजन किया गया। मंडप संस्कार पूरा करने के बाद यहां देवताओं का आह्वान किया गया, ताकि अनुष्ठान संपन्न होने तक किसी भी प्रकार का विघ्न न पड़े। बाद में मंडप में बनाए गए हवन कुंड में अग्नि स्थापना की गई, जिसके साथ ही रूद्र पारायण किया गया। इसमें भगवान शंकर को समर्पित रूद्री का पाठ किया गया। तदुपरांत चंडी पारायण कर मां दुर्गा का आह्वान भी किया गया। बाद में शाम को सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने यहां पाठ में हिस्सा लिया। इस दौरान शहर के भक्त बड़ी संख्या में यहां मौजूद रहे।

# मुफ्त की रेवड़ियों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त की रेवड़ियों पर सुनवाई करते हुए कई अहम टिप्पणियां कीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मसले पर चर्चा की जरूरत है क्योंकि देश के कल्याण का मसला है। अदालत ने कहा कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों का जनता से मुफ्त की रेवड़ियों का वादा और वेलफेयर स्कीम के बीच अंतर करने की जरूरत है। सर्वोच्च अदालत ने सुनवाई के दौरान साफ-साफ कहा कि मुफ्त की रेवड़ियों पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) समेत सभी दल एक ही दिख रहे हैं। चीफ जस्टिस एन वी रमन जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस हिमा कोहली की बेंच में कहा कि अगर केंद्र सरकार राज्यों को मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के लिए कोई कानून बनाता है तो क्या इस कानून की समीक्षा हो सकेगी?

# 'सोनाली फोगाट फिट थीं, उन्हें हार्ट अटैक नहीं आ सकता', बहन ने की CBI जांच की मांग



**चंडीगढ़।** टिकटॉक स्टार और बीजेपी नेता सोनाली फोगाट की मौत पर उनके परिजनों ने एक बार फिर सवाल उठाए हैं. इतना ही नहीं परिजनों ने सोनाली फोगाट की मौत के मामले में सीबीआई जांच की मांग की है. उनकी बहन रमन ने कहा कि सोनाली को हार्ट अटैक नहीं आ सकता, वे काफी फिट थीं। रमन ने कहा, सोनाली काफी फिट थीं। उन्हें हार्ट अटैक नहीं आ सकता है. हम इस मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हैं. हमारा परिवार ये मान ही नहीं सकता कि सोनाली की मौत हार्ट अटैक से हुई. उन्हें कोई मेडिकल प्रोब्लम नहीं थी। सोनाली फोगाट की एक और बहन रूपेश ने कहा, सोनाली ने मौत से पहले शाम को कॉल की थी.

# राजा सिंह को जमानत मिलने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

**तेलंगाना** से भारतीय जनता पार्टी के विधायक टी. राजा सिंह को हैदराबाद पुलिस ने कथित तौर पर एक वीडियो में पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी करने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया। हालांकि, बाद में उक्त विवादित वीडियो को सोशल मीडिया मंच से हटा दिया गया। राजा सिंह को गिरफ्तारी के कुछ घंटे बाद स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई। राजा सिंह को जमानत मिलने के विरोध में हैदराबाद के चारमीनार के आस-पास जोरदार प्रदर्शन शुरू हो गए।

# फ्लोर टेस्ट से पहले विधानसभा स्पीकर सिन्हा ने दिया इस्तीफा



**पटना।** बिहार में महागठबंधन सरकार का गठन हो चुका है, लेकिन आज सरकार को फ्लोर टेस्ट पास करना है. कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर ने विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे खिलाफ कई आरोप लगाए गए, जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया. सभा की कार्यवाही शुरू होने पर स्पीकर विजय सिन्हा ने कहा कि इसलिए मैंने इस्तीफा नहीं दिया क्योंकि मैं जवाब देना चाहता था. विधानसभा के स्पीकर विजय सिन्हा ने कहा कि वो नियम के तहत ही काम कर रहे हैं और हमेशा नियमों के तहत ही काम किया है. उनके खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव असंवैधानिक है।

अब नीतीश सरकार को फ्लोर टेस्ट से गुजरना है। कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर ने विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे खिलाफ कई आरोप लगाए गए, जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया.

# फ्लोर टेस्ट से पहले आरजेडी के नेताओं पर सीबीआई छापा



**पटना।** सीबीआई ने बुधवार को कथित जमीन-रेलवे नौकरियों के मामले में बिहार में छापेमारी की. ये छापेमारी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद अशफाक करीम, फ़ैयाज़ अहमद और MLC सुनील सिंह के घर आज सुबह से की जा रही है. इस छापेमारी पर राजद एमएलसी और बिस्कोमान पटना के अध्यक्ष सिंह का बयान भी आया है. जिसमें उन्होंने कहा, 'यह जानबूझकर किया जा रहा है. इसका कोई मतलब नहीं है. वे यह सोचकर ऐसा कर रहे हैं कि डर के मारे विधायक उनके पक्ष में आएंगे।' बता दें कि सुनील सिंह के घर सुबह 7.30 बजे से CBI की टीम मौजूद है। इस मामले में करीब 24 लोकेशंस पर सीबीआई की रेड हो रही है. इसमें दिल्ली, गुरुग्राम, पटना, कटिहार, मधुबनी शामिल है. गुरुग्राम में अर्बन क्यूब 71 मॉल है, ये तेजस्वी यादव और उनके करीबियों का बताया जा रहा है, यहां भी रेड हो रही है।

# एसपी त्रिलोक बंसल के निर्देशानुसार हायर सेकेंडरी स्कूल बेलबहरा में 3 घंटे चली यातायात की पाठशाला





जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल के आदेशानुसार बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के छात्रों को घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध, पॉक्सो, गुड टच बैड के साथ यातायात नियमों, संकेतों एवं चिन्हों की विस्तृत जानकारी जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में पदस्थ लांस नायक महेश मिश्रा ने प्रदान की। मिश्रा ने यातायात नियमोंए संकेतों एवं चिन्हों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि यातायात एक ऐसा विषय वस्तु है जिससे कोई भी व्यक्ति अछूता नहीं है। चाहे कोई कितना भी पढ़ा लिखा हो अनपढ़ हो, रोजगार पर हो या बेरोजगार हो, व्यापारी या श्रमिक हो सभी को अपने जीवन निर्वहन के दौरान यातायात से होकर गुजरना होता है इस दौरान इन नियमों की जानकारी के अभाव में दुर्घटनाएं घटित होती हैं इन दुर्घटनाओं से बचाव हेतु चौराहा पार करने का नियम, ट्रैफि क सिग्नल लाइट, हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हार्न का उपयोग ना करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फ ोन का उपयोग नहीं करने, जेब्रा क्रॉसिंग, गुड सेमेरिटन, लाइसेंस बनवाने के नियम, दुर्घटना के कारण व दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य, सड़क पर वाहन चलाने की सही तरीका, मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराएं व उसमें निर्धारित जुर्माने की राशि के साथ यातायात के अनिवार्य, चेतावनी व सूचनात्मक संकेतों से संबंधित जानकारी प्रदान की एवं कार्यक्रम के दौरान पूछे गए सवालों का सही जवाब देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया साथ ही जीवन में यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। उक्त जागरूकता अभियान के दौरान संस्था के प्राचार्य बलराज पाल, विद्यालयीन स्टाफ व्याख्याता माता प्रसाद द्विवेदी, डी आर. राठौर एकमलेश पांडेय, जयप्रकाश तिवारी,सुधा शुक्ला, पुष्पांजलि नामदेव, निर्मला अग्रवाल, शोभा जायसवाल, सुषमा टोप्पो, नेहा सिंह, सुनीता मिश्रा,सेवानिवृत्त शिक्षक आरसी राजवाड़े सहित काफी संख्या में विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस की बाइक चोरी, चंद घटो में पकड़े गये चोर से दो बाइक और एक मोबाईल जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पिथौरा पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो नग बाइक और एक मोबाइल जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को थाना पिथौरा में पदस्थ सैनिक राजेश चौबे को शराब मुलाहिजा रिपोर्ट प्राप्त करने आबकारी कार्यालय पिथौरा भेजा गया था। वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जीके 2068 को करीब 11 बजे कार्यालय के बाहर खड़ी कर आबकारी कार्यालय अंदर रिपोर्ट प्राप्त करने गया था। कुछ देर बाद वापस आकर देखा तो उनकी मोटरसाइकिल नहीं थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान पुलिस ने पृथक पृथक टीम गठित कर त्वरित कारवाई करते हुए सोसोटीवी फुटेज के आधार पर पता तलाश की। बागड़ पारा वार्ड 14 निवासी सूरज यादव 19 के कब्जे से मोटरसाइकिल बरामद की। आरोपी ने पूछताछ करने पर पियोग से हो एक अन्य मोटरसाइकिल क्रमांक सौजी 05 आर 1108 और 22 नग मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। जिसमें 02 नग मोटरसाइकिल नग मोबाइल बरामद की गई है।

### बिजली बिल कम कराने का झांसा देकर ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । उपभोक्ताओं को फर्जी बिल थमा कर बाद में उसे कम कराने का आश्वासन देकर ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। गिरोह के दो आरोपितों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गई है। वहीं कुछ आरोपी अभी भी फरार हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम नकटीखार निवासी महावीर प्रसाद साहू के घर पहुंच 13 अगस्त को विकास तिवारी नामक व्यक्ति ने कहा कि बिजली का बिल बहुत ज्यादा आया है। अगर आप चाहेंगे, तो मैं कम कर दूंगा। अगले माह से बिल कम आने लगेगा, इसके एवज में आधा बिल पटाना पडयेगा। तिवारी के झांसे में आकर महावीर द्वारा फोन पे, गूगल पे के माध्यम से 30 हजार रूपये ठगी कर लिए। कुछ दिन पश्चात बिजली विभाग से फिर से बिल प्राप्त होने पर उसे ठगी का अहसास हुआ। इस पर महावीर प्रसाद ने रामपुर पुलिस चौकी में अज्ञात आरोपित के विरुद्ध धारा 420 मामला दर्ज कराया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इधर पुलिस को भी लगातार सूचनाएं मिल रही थी कि जिले में एक गिरोह सक्रिय है जो उपभोक्ताओं के घर जाकर बिजली बिल कम करने का झांसा देकर उनसे ठगी कर रहा है। सूचना पर चौकी प्रभारी रामपुर उप निरीक्षक कृष्णा साहू व सायबर सेल के टीम को ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने टीम बना कर जांच शुरू की। इस दौरान आरोपित विष्णु देवांगन 30 वर्ष निवासी बेलदारपारा व राकेश रात्रे 26 वर्ष निवासी दर्राभाठा चांपा थाना चांपा जिला जांजगीर चांपा द्वारा गिरोह बनाकर उक्त घटना को अंजाम दिए जाने के संबंध में मामला सामने आया।

### न्यायिक कर्मचारी संघ ने रैली निकाल किया हड़ताल का समर्थन

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले चल रहे दो सूत्रीय मांग का न्यायिक कर्मचारी संगठन ने रैली निकाल कर समर्थन किया। सत्र न्यायालय परिसर से तानसेन चौक तक निकाली गई रैली शामिल हो होकर कर्मचारियों ने मांगे पूरी करने के संबंध में नारेबाजी की। समय सीमा की बैठक के साथ जनदर्शन भी हुआ लेकिन हड़ताल के कारण लोगों की उपस्थिति कम रही।

कर्मचारियों के अनिश्चतकालीन हड़ताल के दूसरे दिन प्रशासनिक के अलावा न्यायालयीन कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने से न्यायालय में कामकाज ठप रहा। न्यायालीयन कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष दिनेश टेंगवार ने बताया कि छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेश के हड़ताल का समर्थन करने का छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ ने भी निर्णय लिया है।

# किशन टंडन क्रांति को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

साहित्यकार साथियों ने हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




प्रदेश भर म रिश्तेदारों परिवार जनों सामाजिक प्रबुद्ध व्यक्तियों ने हर्ष जाहिर कर प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार एवं छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के उपसंचालक किशन टंडन क्रांति को नोएडा इंटरनेशनल द्वारा समाजशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। वे मस्तूरी निवासी स्व. राम खिलावन टंडन एवं मोगरा देवी के सुपुत्र हैं। किशन टंडन क्रांति वर्तमान में छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के संस्थापक एवं अध्यक्ष भी हैं। उनके अब तक कविता, गजल, लघुकथा, कहानी, उपन्यास इत्यादि विधाओं में 29 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा उन्हें दर्जन भर से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान एवं अलंकरण प्राप्त हो चुके हैं। किशन टण्डन क्रान्ति की इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों के अलावा छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के डॉ. गोवर्धन मार्शल, ज्ञानी लहरे, गणेश्वर आजाद, डॉ.श्यामा कुर्रे,कौशिल्या खुराना, डी.एल भास्कर व्याख्याता अश्वनी कोसरे प्रेरकश, जुगेश बंजारे धीरजश, एडवोकेट मणिशंकर दिवाकर, सुरजीत टण्डन, डॉ.दुर्गा मेरसा, जेपीडहरे, बूंदराम जांगड़े,आशा भारद्वाज, दिलीप कुमार खोटे, कमलेश ढिन्ढे, वेदराम वेदांज इत्यादि कलमकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना भी की है तिलक तनौदी, रमेश टण्डन, रमेश कुमार भास्कर रसिय्यार व ओमप्रकाश पात्रें, रामकुमार जोशी अधिवक्ता, गोकुल प्रसाद बंजारे, अमीन बंजारे, उमाशंकर दिवाकर पत्रकार हलधर प्रसाद दिवाकर, राजेश कुमार मिरी अधिवक्ता,मनोज कुमार घृतलहरे, महेंद्र प्रताप सिंह, सुर्यदेव टोण्ड्रे, आशीष कुमार जोशी, कोमल मानदेव,अधिवक्ताद्ध व अन्य सभी साथियों ने उनके उज्जवल भविष्य सुखद मनोरम हो और भविष्य में अनेकों बड़ी उपलब्धियाँ हासिल हो ऐसी हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दियें यह जानकारी मणीशंकर दिवाकर अधिवक्ता प्रदेश कार्यकारिणी ने दी।

# बायपास रोड और बेलसोंडा में ओवर ब्रिज निर्माण के लिए जल्द मिलेगी स्वीकृति

केंद्रीय मंत्री ने अफसरों को जारी किये निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



महासमुन्द में बायपास रोड और बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग में ओवर ब्रिज के लिए आने वाले दिनों में क्षेत्रवासियों को खुशखबरी मिल सकती है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल व पत्र के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस दिशा में उचित पहल के लिए संबंधित अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने 21 अप्रैल 2022 को सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर बायपास रोड व बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग में ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति के लिए पत्र लिखा है। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने इसके लिए संबंधित अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री गडकरी ने पत्र के माध्यम से संसदीय सचिव चंद्राकर को जानकारी दी है। इधर स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले ब्रिज का रेलवे से ड्राइंग पास हो गई है और ड्राइंग डिजाइन बनाकर सड़क मंत्रालय को भेजा गया है। जल्द ही बायपास और ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति मिल सकती है। बायपास और ओवर ब्रिज निर्माण की बहुप्रतिक्षित मांग की ओर पहल करने पर जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, खिलावन बघेल, ढेलू निषाद, खिलावन साहू, राजेंद्र चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर, संजय शर्मा, गोविंद साहू, नरेंद्र दुबे, जसबीर ढिल्लो, हरदेव ढिल्लो, चमन चंद्राकर, मगन चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, अरूण चंद्राकर, जनपद सदस्य आरीन चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, विजय साव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सचिन गायकवाड़, सुनील चंद्राकर, राजू साहू, देवेंद्र चंद्राकर, आवेज खान, लता कैलाश चंद्राकर, नीतेंद्र बेनर्जी, रेखराज पटेल, रवि सिंह ठाकुर, आर्यन गिलहरे आदि ने संसदीय सचिव चंद्राकर का आभार जताया है।

# नवागढ़ क्षेत्र का पूर्व माध्यमिक शाला तरपोंगी स्कूल जर्जर

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




नवागढ़ विधानसभा के ग्राम तरपोंगी के शासकीय पूर्व माध्यमिक विघालय तरपोंगी, संकुल केन्द्र मगरघटा, विकासखण्ड नवागढ़, जिला बेमेतरा, स्कूल की हालात बहुत हि गंभीर है शिक्षको व बच्चों को स्कूल दरार होने से सांप बिच्छु का बहुत हि डर छाये हुए हैं। स्कूल तरपोंगी दो से ढाई साल पहले पूरी तरीके से जर्जर हो चुका है बच्चे के लिए बहुत ही खतरा बना हुआ है। हर साल बरसात के दिनों में नदी से स्कूल के अंदर पानी का भराव हो जाते हैं।

पानी का भराव 4 से 5 दिन तक रहता है और पुरी तरीके से पानी के भराव होने से स्कूल भी दिखाई नहीं देती है। पानी के भराव होने से स्कूल के निचे दरार भी आ गई है इनकी जानकारी अधिकारी को भी अवगत कराया गया है और इंजीनियर देख कर चला गया है और जर्जर है करके लिख कर दे दिया है। लेकिन अभी तक कुछ समस्या का समाधान नहीं हो पाई। गांव में व्यतीत व्यवस्था के लिए देख रहे हैं। लेकिन नहीं मिल पा रहे है इनका जानकारी उच्च अधिकारी को दे दिया है। स्कूल पुरा तरीके से दरार व जर्जर है बैठने के लायक नहीं है प्रस्ताव ग्राम सभा से चला गया है और इंजीनियर लिख करके दे भी दिया है डिस्मेंटल के लिए लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है नदी में बाढ़ आने के कारण 5, से 6 दिनों तक स्कूल खुल पाये है।

# ग्राम चितमखार में लगा चलित थाना, ग्रामीणों को दी गई महती जानकारियां

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव के निर्देशानुसार व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कल्पना वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम चितमखार में कल 23 अगस्त को चलित थाना लगाया गया। जिसमे चितमखर के ग्रामीणजन, महिला समूह व ग्राम प्रमुख शामिल हुए। चलित थाना में प्रधान आरक्षक महेश डहरिया, महिला आरक्षक हेमलता साहू एवं आरक्षक तीरथ देशमुख, व बालमित्र चेतन साहू द्वारा महिला एवं स्कूली छात्राओं को व अन्य ग्रामीणों को भी महिला संबंधित अपराध, सायबर संबंधित ठगी से बचने, यातायात संबंधित जानकारी, एटीएम धोखाधड़ी से बचने के संबंध में जानकारी दी गई। जुवा,अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन के संबंध में भी कार्यवाही, व अन्य समस्या से थाना को सूचित करने को अवगत कराया गया। ग्राम चितमखार के ग्रामीणों द्वारा अभी वर्तमान में कोई समस्या नही होना बताए।

# थाना चिंतलनार क्षेत्र में सक्रिय 1 नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**छग शासन के पुनर्वास नीति तथा जिला पुलिस सुकमा ने चलाये पूनानम**

**अभियान नई, सुबह नई, शुरूआत से प्रभावित होकर किया आत्मसमर्पण**

*** नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने में 223 वाहिनी सीआरपीएफ स्टाफ का विशेष प्रयास रहा**

नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे। पूना नम अभियान नई सुबह,नई शुरूवात, से प्रभावित होकर नक्सली संगठन में सक्रिय, सोढ़ी सोमा स्व. सोढ़ी रामा मिलिशिया सदस्य उम्र 25 वर्ष थाना चिंतलनार क्षेत्र द्वारा बुधवार को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा परमेश्वर तिलकवार एवं निरीक्षक घुनाराम ओगरे के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पित नक्सली को शासन के पुनर्वास योजना के तहत प्रोत्साहन राशि व अन्य सुविधा प्रदाय किया जायेगा। नक्सली को आत्मसमर्पण करने हेतु प्रोत्साहित करने में 223 वाहिनी सीआरपीएफ के विशेष सूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा।

# बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा

प्रशासन की पहल पर जिले के 115 आश्रम छात्रावासों के बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, शतप्रतिशत को जारी हेल्थ कार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




**कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले के आश्रम छात्रावास के बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु योजना के द्वारा चिरायु टीम ने शतप्रतिशत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें हेल्थ कार्ड जारी किए गए।**

यह स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय पर आयोजित होंगे जिससे बच्चों को पढ़ाई के दौरान किसी तरह की स्वास्थ्यगत समस्या ना हो। विगत 27 जुलाई से 12 चिरायु टीमों ने जिले के सभी 115 आश्रम छात्रावास में पहुंचकर 5 हजार 298 बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराए, हेल्थ कार्ड के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर शर्मा ने स्वयं भी बीते माह आश्रम-छात्रावासों का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य शिविर के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए जिसके परिपालन में चिरायु टीम ने शिविर लगाकर बच्चों की जांच की।

## सर्दी, खांसी, मलेरिया, डायरिया आदि में मिली नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा

स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न रोगों से ग्रसित बच्चों का उपचार किया गया। जिनमें 521 सर्दी खांसी बुखार, 96 डायरिया, 02 मलेरिया तथा 498 अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चे है। वहीं 104 जरूरमंद बच्चों व ईलाज हेतु स्वास्थ्य केंद्र रिफर कर उपचार किया गया है। चिरायु टीम द्वारा आश्रम छात्रावसों के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों तथा विद्यालयीन बच्चों का भी परीक्षण किया गया। 46 आंगनबाड़ी केन्द्रों के 1 हजार 365 बच्चों का जांच कर टीम ने 182 बच्चों का उपचार किया तथा 7 बच्चों को रिफ र किया गया। वहीं प्राथमिक, माध्यमिक तथा हाई स्कूल के 4 हजार 346 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 616 का इलाज किया गया तथा 53 बच्चों को इलाज हेतु स्वास्थ्य केंद्र में रिफर किया गया है।



अमले के साथ शहर भ्रमण पर निकली नपाध्यक्ष राशि महिलांग

# सड़क से अतिक्रमण हटाये गये,वाहन पार्किंग सड़क पर ना करने और दुकानों के सामने डस्ट बिन रखने की दी सलाह





जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

शहर में स्वच्छता, व्यवस्था और सुरक्षा अभियान के पहले दिन नोक झोंक के साथ शुरू हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में सभापति, पार्षद, ट्रैफि क, पुलिस प्रशासन सहित पूरी पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के साथ व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए दिखे। स्वच्छता, व्यवस्था और सुरक्षा अभियान के तहत बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग सभापति, पार्षदगण, ट्रैफि क, पुलिस और नगर पालिका की पूरी टीम के साथ सिटी कोतवाली के सामने से इस अभियान की शुरुआत की। पूरी टीम बाजार वार्ड होते हुए सराफा बाजार पहुंचे। एक सराफा कारोबारी अपने दुकान के दोनों ओर सड़क पर अतिक्रमण कर प्रचार प्रसार के लिए गेट लगा रखे थे। गेट हटाने को लेकर कारोबारी और राजस्व विभाग के कर्मचारियों के बीच नोक झोंक शुरू हो गई। बीच बचाव करते हुए नपाध्यक्ष महिलांग ने दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने का आग्रह करते हुए कहा किए शहर में स्वच्छता, व्यवस्था और सुरक्षा को देखते हुए इस अभियान में सहयोग की बात कही।

महिलांग ने कहा अपने निर्धारित स्थान पर सामान रखे और वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा व्यापारियों के सहयोग से ही शहर में एक सुंदर वातावरण कायम कर सकते हैं। इससे सड़क दुघर्टनाओं में भी कमी आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नालियों के उपर स्लेव ढ़ालने के कारण पूरी तरह नालियों की सफाई नहीं हो पा रहा है। बाद में सभी नाली सफाई नहीं होने की शिकायत भी करते हैं। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने व्यापारियों को जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान 25,27,28 और 01 व 2 सितंबर 2022 तक शहर का भ्रमण किया जाएगा। और समझाइश दी जाएगी। इसके बाद इधर उधर कचरा फेंकनाए गंदगी करनाए दुकानों का सामान बाहर रखना तथा अव्यवस्थित वाहनों की पार्किंग करते पाया जाता है तो जब्ती के अलावा कानूनी कार्यवाही भी होगी।

## खम्हरिया नगर पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव पारित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



थान खम्हरिया-नगर पंचायत में कांग्रेस पार्षदो द्वारा लायी गयी अविश्वास प्रस्ताव पर निर्वाचन अधिकारी एसडीएम धनराज मरकाम की उपस्थिति में मतदान हुआ जिसमे अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 11 तथा प्रस्ताव के विरूद्ध महज 4 मत पडे जबकि नगर पंचायत में कांग्रेस के 10 व भाजपा के 05 पार्षद है भाजपा के एक पार्षद ने क्रास वोट कर दिया। इस प्रकार 20 माह की भाजपा अध्यक्ष अंजना ठाकुर की कुर्सी धराशाही हो गया।

## चेम्बर ऑफकॉमर्स कार्यसमिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

**कोरबा** । जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवीन कार्यसमिति की प्रथम बैठक चेम्बर भवन, कोरबा में आयोजित की गई। जिसमें मार्गदर्शक के रूप में पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक रामसिंह अग्रवाल, लायन एमडी माखीजा एवं राजेन्द्र अग्रवाल उपस्थित थे। इस बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति के सदस्यों ने जिला चेम्बर से सम्बंधित मुख्य बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया जिसमें जिन व्यापारियों की आजीवन सदस्यता मृत्यु उपरांत समाप्त हो गई है, ऐसे फर्म का पुन: पंजीयन करने हेतु, नये सदस्य बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपना एवं चेम्बर भवन के प्रथम तल के निर्माण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

## राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 08 सितम्बर तक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देशन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 अगस्त से 08 सितम्बर 2022 तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा पूरे बेमेतरा जिले में मनाया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.खेमराज सोनवानी ने बताया कि हमारी आंखे हमारे मरने के बाद भी किसी के काम आ सकती है। मनुष्य की मृत्यु के बाद उसके शरीर के एक ही अंग काम आ सकता है। वो है नेत्र। नेत्रदान मृत्यु के बाद ही किया जाता है। नेत्रदान के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह अपने जीते घोषणा पत्र भरा हो। नेत्रदान कोई भी व्यक्ति कर सकता है। किन्तु रेबीज, एड्स, टिटेनेस, हेपेटाइटिस, सर्पदंश, लेप्रोसी, जहर, सिफलिस, डूबकर या जलकर, आंख का कैंसर, फ ांसी लगााकर, ब्लड कैंसर, सेप्टीसीमिया, तपेदिक एवं संक्रामक बीमारी व्यक्ति नेत्रदान के लिए उपयुक्त नहीं रहती। यदि किसी की आंख के कॉर्निया की सफेदी कॉर्नियल ओपेसिटी के कारण दृष्टिहीनता है तो उसकी कॉनिया बदलने से वह व्यक्ति अंधेपन से छुटकारा पा सकता है और नेत्रदान करने वाला व्यक्ति मरने के बाद भी इस व्यक्ति की आंख से दुनिया देख सकता है। आंख के कॉनिया में सफेदी आंखो के संक्रमण, चोट लगने, विटामिन, की कमी, कुपोषण, कॉनियल डिस्ट्रॉफ ी और कुछ जन्मजात कारणो से होती है। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति की आंख में घाव हो जाए व उसकी पुतली कमजोर हो जाए तो उसकी आंखो की संरचना खराब होने से बचाने के लिए भी पुतली बदलने का ऑपरेशन किया जाना है जो कि एक आपातकालीन स्थिति है। नेत्रदान संबंधी प्रक्रिया कोविड.19 से बचाव शासन के समस्त दिशा-निर्देशों का पालन करके किया जाना है। नेत्रदान के लिए मृत व्यक्ति के वारिस से लिखित सहमति लेने के बाद ही प्रशिक्षित अधिकारी के द्वारा मृत्यु के 06 घंटे के भीतर नेत्र गोलक को निकाला जाता है।

मृत्यु के बाद मृतक की आंखे बंद कर देनी चाहिए। पंखा भी बंद देना चाहिए। गर्मी का समय हो तो पलकों के ऊपर गीला कपड़ा या रूई रख दें। यदि बर्फ हो तो कपड़े रूई के ऊपर रख दें। एक व्यक्ति के नेत्रदान से 2 दृष्टिहीन पुन: दुनिया देख सकते है। नेत्रदान के लिए विजय देंवागन सहायक नेत्रदान अधिकारी 9926776556 से संपर्क किया जा सकता है। आप सभी से अपील है कि इस पुनीत कार्य के लिए आगे आए और लोगों को नेत्रदान हेतु प्रेरित करेंगे ताकि नेत्रहीन लोगों के जीवन में रोशनी लाई जा सकें।

## बच्चों की मानसिक स्थिति को समझने को शिक्षकों की हुई कार्यशाला

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी में स्वास्थ्य विभाग और निमहांस नेशनल इंस्टीट्यूट आफमेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंस बेंगलुरु के सहयोग से शिक्षकों के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के बारे में जानकारी दी गयी और बच्चों के व्यवहार को समझने के लिए मॉड्यूल बनाने के साथ साथ स्किल डेवलपमेंट के बारे में बताया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में समय रहते मानसिक विकार की पहचान कर उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ.साथ उनके व्यवहार में परिवर्तन लाना है। कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक नीरज बांसोड एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक भोस्कर विलासन राव संदीपनए के मार्गदर्शन में किया गया। इस संबंध में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य



कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के उप संचालक डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कार्यशाला का आयोजन मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों के लिए किया गया जिसमें निमहांस बेंगलुरू द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। कार्यशाला में बच्चों के मानसिक व्यवहार को समझने के लिए निमहांस के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कार्यशाला के माध्यम से बच्चों के व्यवहार को समझने के लिए मॉड्यूल बनाने पर भी समझ को बढ़ाने का प्रयास किया गया। इससे शिक्षक और बच्चों के मध्य व्यवहार प्रबंधन पर समझ को विकसित करने में मदद मिलेगी। साथ ही कार्यशाला के अगले चरण में शिक्षकों को गेट कीपर के रूप में भी प्रशिक्षित किया जाएगा। जिससे वह बच्चों के भीतर हो रहे मानसिक बदलाव को समझें और उसका बेहतर तरीके से हल भी बताएं। कार्यशाला में तकनीकी सहयोग दे रहे निमहांस बेंगलुरू के विशेषज्ञ डॉ. संजीव कुमार और के सेखार ने बच्चों के मनोविज्ञान को समझना और उसके अनुरूप व्यवहार करने के बारे में बताया।



## एक नजर

### आयुष पाली क्लीनिक में आज 25 को बुजूर्गों के शुगर और बीपी की जांच के लिए नि:शुल्क शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्थानीय बीटीआई रोड पुराना मलेरिया ऑफिस स्थित शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक 25 अगस्त को निरूशुल्क वृद्धों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में वृद्धों में मधुमेह सुगर और उच्च रक्तचाप ब्लड प्रेशर, की जांच की जाएगी। इस शिविर में बुजुर्ग आकर नि:शुल्क जांच शिविर का लाभ उठा सकते हैं। शासयकी आयुष पॉली क्लिनिक के आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ सर्वेश दुबे ने बताया कि क्लिनिक में प्रत्येक माह के प्रथम गुरुवार को श्सियान जतन क्लिनिक एवं शेष सभी गुरुवार को वृद्धजनों के लिए विशेष ओपीडी का संचालन होता है। लेकिन इस बार विशेष शिविर लगाकर बुजुर्गों के मधमेह व उच्च रक्तचाप की जांच करेंगे। उन्होंने बताया कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप के स्क्रीनिंग के लिए गुरुवार 25 अगस्त को किया जाएगा। शिविर बुजुर्गों के लिए पूरी तहर नि:शुल्क रहेगी। जनता इस सुविधा का लाभ उठा सकती है। यह शिविर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा।

### वि.ख.नवागढ़ के 22 आंगनबाड़ी केन्द्र को डिस्मेंटल करने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बेमेतरा जिले के विकासखण्ड नवागढ़ अन्तर्गत 22 जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों को विघटित डिस्मेंटल करने का आदेश जारी किए हैं। तद्संबंध में कार्यपालन अभियंता लोनिवि संभाग बेमेतरा के प्रतिवेदन अनुसार उक्त आंगनबाड़ी भवन पूर्णत: अनुपयोगी हो चुकी है एवं मरम्मत योग्य नहीं है। जो अत्यंत जर्जर स्थिति में पाया गया। इनमें आंबा केन्द्र बाघुल, नेवसा, बाघुली, गनिया, मोहतरा, कोडिया, मानिकपुर, खैरी, नांदल, कटई, बहरबोड़, नवागांव,मरदेही, बेलटुकरी, कुवा 1 गोढ़ीकला, दयालपुर, तारेगांव, बदनारा, मदनपुर एवं मेढकी शामिल है।

### 26 को हाई स्कूल के मैदान में होगा सखी तीजा उत्सव का कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आगामी 26 अगस्त को स्थानीय हाई स्कूल के मैदान में सखी तीजा उत्सव का आयोजन किया गया हैं। उत्सव कार्यक्रम का शुभारभं मध्यान्ह 12 बजे होगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता, फुगडी, रस्सा खीच, मटका फोड़, फुग्गा फोड़, पगड़ी सजफोन, चुकिया फोड़ प्रतियोगिता के साथ ही सांस्कृतिक आयोजन और मनोरंजक गतिविधियां शामिल होंगीं। कार्यक्रम को सफल बनाने नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, तारिणी चंद्राकर, सरिता तिवारी, ममता बग्गा, सुधा रात्रे, राखी ठाकुर, प्रेम शिला, नैनी सिंग, तारा चंद्राकर,सुरेखा चंद्राकर, अन्नू चंद्राकर आदि जुटी हुई हैं।

### सी मार्ट के संचालन के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

गांव में बनने वाले छोटे, बड़े सभी उत्पादों को एक छत के नीचे लाने के लिए जिला मुख्यालय महासमुंद में सी.मार्ट स्टोर की शुरूआत हो गई है। राज्य शासन की विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत संचालित महिला स्व सहायता समूहों, शिल्पियों, बुनकरों, दस्तकारों, कुम्भकारों अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों का समुचित मूल्य सुनिश्चित करने हेतु इनकी व्यावसायिक ढंग से मार्केटिंग करने हेतु सी.मार्ट के माध्यम से उत्पादों के विक्रय एवं सी मार्ट के पूर्ण संचालन के लिए निजी संचालक/प्राइवेट पार्टनर के चयन हेतु इच्छुक संस्थाओंए फर्मों से रूचि की अभिव्यक्ति 9 सितम्बर 2022 अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित की गई है। निविदा इसी दिन 4:00 बजे से खोली जाएगी। नियम एवं शर्तों के लिए विस्तृत जानकारी जिला पंचायत महासमुंद के सूचना पटल पर एवं महासमुंद जिले की वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है।

### जूते की रैक में छिपकर बैठा था कोबरा, पालतू बिल्ली के कारण बची जान

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ के कोरबा में जूते के रैक में कोबरा सांप छिपकर बैठा था, जिसे रेस्क्यू कर लिया गया है। इन दिनों कोरबा में लगातार घरों और स्कूलों से सांप निकल रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत है। अब जूते-चप्पलों के बीच छिपे कोबरा को देख घर के लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। मामला रामपुर इलाके के एक घर का है, जहां मकान मालिक राजेश बरवे का परिवार उस समय सकते में आ गया, जब उन्हें जूते-चप्पल की रैक से सांप के फुफ्कारने की आवाज आई। उनकी पालतू बिल्ली लगातार वहां खड़ी थी, क्योंकि उसे वहां किसी के होने का अहसास था।

## युवा संगठन के सदस्यों ने सरपंच के 42 वां जन्म दिन पर प्राथमिक शाला परिसर में 42 फलदार व छायादार पौधे वृक्षारोपण किए



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जैतपुरी शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में बुधवार को ग्राम पंचायत रमपुरा जैतपुरी के सरपंच का 42 वां जन्म दिवस पर युवा संगठन सदस्यों ने शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में 42 छायादार व फलदार पौधों का वृक्षारोपण कर सरपंच का जन्मदिन मनाया व बधाई दी। साथ ही वृक्षारोपण कर हरियाली के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस अवसर युवा संगठन के उपाध्यक्ष ऋषि राजपूत महामंत्री राकेश राजपूत मीडिया प्रभारी देव यादव पप्पू यादव धनसिंह यादव पिंटू यादव धनंजय यादव कुलेश्वर राजपूत सरवन वर्मा संजय यादव मनीराम लोकेश गिरधर देवेन्द्र सिंह मोहन डिलहरण कार्तिक उपस्थित थे।

## कोटा पुलिस ने 5 अलग-अलग मामलों में 5 आरोपियों पर कार्यवाही कर भेजा रिमांड में

* घर घुसकर मोबाईल और नकदी रकम चोरी करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

22 अगस्त, प्रार्थी किशुन सिंह निवासी अमाली थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि, 21अगस्त 11,11 के मध्य घर में सीटकनी लगाकर नहाने गया था जब घर आया तो देखा कि दरवाजा खुला हैए फुल पैंट का दिशा बदल गया है। फूल पेंट को चेक करने पर जेब में रखे नगदी,15000 एवं घर के पठेरा में रखे जिओ कंपनी का मोबाइल तथा माइक्रोमैक्स कंपनी का मोबाइल नहीं था जुमला कीमती,16500 को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना मुखबिर की सूचना पर संदेही चमन भारद्वाज निवासी अमाली से पूछताछ करने पर नगदी रकम 15000 में से 5000 खर्चा करने एवं,10000 तथा चोरी किए 02 मोबाइल को पेश करने पर वजह सबूत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर लिया गया है। 23 अगस्त नहनेज मुखबिर की सूचना पर ग्राम नेवरा, खुरदूर, भौवाकापा में कोटा पुलिस द्वारा अलग अलग टीम बनाकर रेड कार्यवाही किया गया जिसमें



* अलग-अलग स्थानों से अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 3 के विरुद्ध किया कार्यवाही

* गनियारी वर्मा मोहल्ला में अवैध रूप से गांजा बिक्री करने वाली महिला को किया गिरफ्तार

ग्राम नेवरा में आरोपी शत्रुहन बंजारे निवासी नेवरा से 22 लीटर महुआ शराब, ग्राम खुरदूर में आरोपी किशन गेंदले पिता भाग बली गेंदले निवासी खुरदुर से 20 लीटर महुआ शराब,ग्राम भौवाकापा से आरोपी रामझूल टोडर निवासी भौवाकापा थाना कोटा जिला बिलासपुर से 25 लीटर महुआ शराब जुमला 67 लीटर महुआ शराब जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। अपराध धारा सबूत का पाए जाने से तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर लिया गया है।






# म्यूजिक वीडियो रोते रोते हस दूंगा में अपने शानदार प्रदर्शन से दिल जीत रही हैं आकृति अग्रवाल

रोते रोते हस दूंगा में दो लोगों के बारे में एक प्यारी, झकझोरने योग्य प्रेम कहानी है। लड़की जीवित रहने के लिए सबसे घातक बीमारी कैंसर से लड़ रही है। प्यार भरा संगीत निश्चित रूप से हमारे दिमाग को शांत करता है, और वैसे गीत हमेशा हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

जब संगीत में हमारे पसंदीदा लोगों में से एक होता है, तो हम इसे बार-बार देखने और सुन्ना पसंद करते है। अपने सोशल मीडिया और टेलीविज़न प्रदर्शनों की बदौलत एक जबरदस्त लोकप्रिय हासिल किया है अभिनेत्री, आकृति अग्रवाल ने अपने नए गाने रोते रोते हस डूंगा में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का दिल जीत रही हैं। टेलीविजन शो छोटी सरदानी में लंबे समय तक चलने वाली अभिनेत्री, अपनी क्षमताओं से अपने प्रशंसकों को लुभाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती थी।आकृति ने संगीत वीडियो में काम करना शुरू कर दिया, जिनमें से एक उनका सबसे हालिया एकल, रोते रोते हस दूंगा है।

रोते रोते हस दूंगा में दो लोगों के बारे में एक प्यारी, झकझोरने योग्य प्रेम कहानी है। लड़की जीवित रहने के लिए सबसे घातक बीमारी कैंसर से लड़ रही है। उसके जीवन के उन अंतिम दिनों के दौरान, उसका प्रेमी उसे जितना संभव हो सकता है उतना अच्छा महसूस कराने के लिए उसे प्यार से पम्पेर करता है। गाने को बहुत प्यार मिलने पर और अपने उत्साह को साझा करने पर आकृति ने कहा, मुझे गाना बहुत पसंद आया, और इसके पीछे का विचार हमें अपने जीवन में लोगों के मूल्य और इस चिंता की याद दिलाता है कि हम उन्हें किसी भी बीमारी के कारण खो सकते हैं। पूरी टीम के साथ काम करना एक प्यारा अनुभव रहा है। हमने एक पहाड़ी इलाके में गहन प्रेम के दायरे के सुंदर स्थलों के साथ गीत को रिकॉर्ड किया।

# एक पालतू जानवर को प्यार दो और वे तुम्हें सौ गुना प्यार करेंगे : कनिहा



कई तमिल फिल्मों का हिस्सा रही और मलयालम सुपरहिट 'पजहस्सी राजा' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री कनिहा ने सोशल मीडिया पर अपने अनुयायियों से एक पालतू जानवर (पेट) को अपनाने का आग्रह किया है। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने अपने कुत्ते के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, मैंने कोविड 2020 सीजन के दौरान मैगी को अपनाया।

जिस क्षण मैंने उसे मद्रास में देखा, मुझे पता था कि मैं उसे एक घर देना चाहती हूं। अपना पहला पेट खोने के बाद मुझे शुरू में एक और पालतू जानवर रखने में संदेह था। मैं पूरे प्यार, नुकसान रोलरकोस्टर से गुजरने से डर रही थी। लेकिन इस लड़की ने, मेरी गोद में उतरते ही, मेरी दुनिया बदल दी .. इसे बहुत प्यार, नटखटता और पागलपन से भर दिया। वह आज हम में से एक है। वह आज दो साल की हो गई। उन्होंने निष्कर्ष निकालते हुए कहा, यदि आप इसे पढ़ रहे हैं और एक पालतू पशु मालिक बनने पर विचार कर रहे हैं, तो मेरे पास एक छोटा सा अनुरोध है, कृपया एक पालतू जानवर को गोद लें। उन्हें एक घर दें, उन्हें प्यार दिखाएं। वे आपको सौ गुना प्यार करेंगे।

# बड़ी फिल्मों का हिस्सा बनने के लिए बेताब हैं मौनी रॉय



फिल्मकार अयान मुखर्जी की आगामी फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आने वाली एक्ट्रेस मौनी रॉय ने कहा कि वह साउथ इंडियन मूवीज में काम करना चाहती हैं। वह बड़ी फिल्म का हिस्सा बनने के लिए काफी बेताब हैं। शेयरचैट लाइव ऑडियो चैटरूम में इंटरव्यू के दौरान जब मॉनी रॉय से पूछे गया कि क्या वह साउथ इंडियन मूवीज में काम करना चाहेंगी, तो इस पर एक्ट्रेस ने कहा, मैं साउथ फिल्मों का हिस्सा बनने के लिए काफी उत्सुक हूं, क्योंकि उनके कंटेट काफी शानदार होते हैं। मैं उनकी बड़ी फिल्मों का हिस्सा बनने के लिए काफी बेताब हूं।रॉय ने बताया कि उन्हें फ्रेंड्स देखना काफी पसंद है। उन्हें रेचल और फोएबे के किरदार काफी अच्छे लगते है। एक्ट्रेस ने कहा, फ्रेंड्स मेरा पसंदीदा शो है। जब भी मैं खुश या दुखी ह ती हूं, मैं फ्रेंड्स देखना शुरू कर देती हूं, क्योंकि इससे मुझे अच्छा महसूस होता है। मुझे ऐसा लगता है कि मैं उनके साथ घूम रही हूं।ब्रह्मास्त्र एक काल्पनिक कहानी पर आधारित फिल्म है। इसमें अमिताभ बच्चन, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और नागार्जुन जैसे शानदार एक्टर लीड रोल में हैं।

# नव्या नायर ने 'नना थान केस कोडु ' की यूनिट की जमकर तारीफ की

तमिल और मलयालम में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित कई हिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकी अभिनेत्री नव्या नायर ने निर्देशक रथीश बालकृष्णन पोडुवाल की हाल ही में रिलीज हुई मलयालम फिल्म, 'नना थान केस कोडु' की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि फिल्म की सराहना हो रही है क्योंकि यह आम आदमी की बेबसी की बात कर रही है। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने लिखा, क्या व्यंग्य है!!! पूरी तरह से भरा हुआ थिएटर। यह सब हंसी और ताली के बारे में है क्योंकि राजीवन हमारी ओर से बात कर रहे हैं-बेबसी, आम आदमी की लाचारी (सभी हास्य में)। और चाकोचेट्टा (कुंचाको बोबन), क्या परिवर्तनकारी आदमी है !!! आप के लिए यश। हर किरदार बस कमाल का है। जज, नायिका गायत्री शंकर, ऑटो चालक राजेश माधवन, शिक्षक, बाइक सवार मृदुल नायर, टेंपो चालक, अधिवक्ता, मंत्री, मुख्यमंत्री उन्निमय प्रसाद। सब इतना अच्छा है। निर्देशक, पटकथा लेखक रतीश बालकृष्णन पोडुवाल, आपके जैविक हास्य ने अद्भुत काम किया। आपको सलाम! अभिनेता कुंचाको बोबन ने फिल्म में कोझुम्मल राजीवन उर्फ अंबास राजीवन नामक एक किरदार निभाया है, जिसे काफी समीक्षाएं मिल रही हैं। फिल्म में तमिल अभिनेत्री गायत्री के साथ अभिनेता कुंचाको बोबन मुख्य भूमिका में हैं। गायत्री इस फिल्म के साथ मलयालम सिनेमा में अपनी शुरूआत कर रही हैं।



## खेल

लक्ष्य सेन वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में

# ध्रुव-अर्जुन मेंस डबल्स में जीते; श्रीकांत हारे, पोनप्पा-सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी बाहर

टोक्यो। भारत के युवा स्टार लक्ष्य सेन ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जबकि ध्रुव कपिला-अर्जुन की जोड़ी ने जीत हासिल की। वहीं, किदांबी श्रीकांत राउंड-3 का मुकाबला हार गए हैं।




बुधवार को 9वीं सीड लक्ष्य सेन ने स्पेन के लुइस एनरिक को सीधे गेम में 21-17 21-19 से हराया। उन्हें क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए भारत के एचएस प्रणय और केंतो मोमोता के विजेता को हराना होगा। मेंस सिंगल्स के एक अन्य मुकाबले में 12वीं वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत को चीन के गैरवरीय खिलाड़ी झाओ जून पेंग से 9-21, 17-21 से हार गए हैं।

कपिला-अर्जुन टॉप-16 में, विमेंस में हारे

मेंस डबल्स में ध्रुव कपिला-अर्जुन की जोड़ी ने 8वीं सीड किम स्ट्रुप और एंड्रस रेसमुसेन को 21-17 21-16 से हराया है। भारतीय जोड़ी टॉप-16 में प्रवेश कर गई है। ??साथ विमेंस में भारतीय जोड़ियों को पराजय का सामना करना पड़ा है। पहले अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को चिन किंगचेन और जियो यी फेन की चीनी जोड़ी ने 21-15, 21-10 से हराया। उसके बाद तृषा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को थाईलैंड की टेन पियरले-टी मुरलीथरन की जोड़ी ने 21-8, 21-17 से मात दी।

भारतीय स्टार साइना नेहवाल वॉकओवर से चैंपियनशिप के टॉप-16 में पहुंच गईं। दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत जापानी की नोओमी ओकुहारा से होनी थी। लेकिन, ओकुहारा चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से हट गईं। अब साइना का मुकाबला थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान और जर्मनी की युवोनी ली की विजेता से होगा। साइना ने पहले दौर में हांगकांग की चेउंग एनगान यी को सीधे गेम में 21-19, 21-9 से हराया। साइना ने 38 मिनट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज कर ली।

# भारत ने जिम्बाब्वे को वनडे सीरीज में 3-0 से हराया



**हरारे ।** शुभमन गिल (130) और आवेश खान (3/66) के शानदार प्रदर्शन की वजह से यहां हरारे स्पोर्ट्स क्लब में तीन मैचों की वनडे सीरीज के अंतिम और रोमांचक मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को 13 रनों से मात दी। भारत के 289 रनों के जवाब में जिम्बाब्वे 49.3 ओवर में 276 रनों पर सिमट गया। इस जीत के साथ भारत ने मेजबान टीम को सीरीज में 3-0 से शिकस्त दी। शिकंदर रजा (115) और सीन विलियम्स (45) ने सबसे ज्यादा रन बनाए। भारत की ओर से आवेश खान ने तीन विकेट झटके। वहीं, अक्षर पटेल, दीपक चाहर और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि शार्दुल ठाकुर ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे टीम की शुरुआत अच्छी रही, क्योंकि उन्होंने पावरप्ले में एक विकेट खोकर 49 रन बनाए। इस दौरान, इनोसेंट काइया (6) को चाहर ने पवेलियन भेजा। लेकिन ताकुद्ज्वानाशे काइटनो (12) रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। इस बीच, सीन विलियम्स और टोनी मुनयोंगा के बीच 64 गेंदों में 46 रनों की साझेदारी हुई।

## एक नजर

# निशानेबाजी, तीरंदाजी, कुश्ती, जूडो को राष्ट्रमंडल गेम्स 2026 में शामिल करने का दिया आवेदन



**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में 2026 राष्ट्रमंडल गेम्स में निशानेबाजी, कुश्ती, तीरंदाजी और 3गुणा3 बास्केटबॉल सहित अन्य गेम को शामिल करने के लिए आवेदन दिए गए हैं। जिन अन्य खेलों को शामिल करने के लिए आवेदन किया है, उनमें जूडो, कोस्टल रोइंग, बीच रोइंग और ताइचांडो शामिल हैं। विक्टोरिया 2026 राष्ट्रमंडल गेम्स में शामिल होने के लिए आवेदन करने का शनिवार आखिरी दिन था। छह पैरा खेल एथलेटिक्स, तैराकी, लॉन बॉल्स, ट्रायथलॉन, टेबल टेनिस और पावरलिफ्टिंग को भी शामिल करने का अनुरोध किया गया है।

प्रतियोगिताएं मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के अलावा चार क्षेत्रीय केंद्रों जिलॉन्ग, बेंडिगो, बल्लारेट और गिप्सलैंड में आयोजित की जाएंगी, जो उद्घाटन और समापन समारोह की मेजबानी करेगा।

बर्मिंघम में हाल ही में संपन्न राष्ट्रमंडल खेलों के लिए निशानेबाजी और तीरंदाजी को शामिल नहीं किया गया था। जूडो, 3गुणा3 बास्केटबॉल और कुश्ती सभी बर्मिंघम 2022 में शामिल थे, लेकिन इसे भी लेकर विक्टोरिया ने पुष्टि नहीं की है।

ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे देशों में शूटिंग को शामिल ना करने पर विरोध के बाद, विक्टोरिया 2026 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेरोएन वीमर ने कुछ हफ्ते पहले सूचित किया था कि तीन या चार और खेलों को शामिल किए जाने की संभावना है।

काउंटी क्रिकेट में पुजारा की धमाकेदार बल्लेबाजी

# 90 गेंद में बनाए 132 रन, 5 मैच में तीसरा शतक लगाया, टीम ने बनाए 400 रन

चेतेश्वर पुजारा का बल्ला रॉयल लंदन कप में जमकर बोल रहा है। उन्होंने सक्सेस काउंटी के लिए मिडिलसेक्स के खिलाफ वनडे मैच में सिर्फ 90 गेंद में 132 रन बना दिए। पुजारा ने सिर्फ 75 गेंदों पर शतक पूरा किया। इस धमाकेदार पारी के दमपर उनकी टीम ने 50 ओवर में 400 रन बना दिए। वे आखिरी 5 मैच में तीन में शतक लगा चुके हैं। अपनी पारी के दौरान पुजारा ने 14 चौके और 2 छक्के लगाए।



## 100+ के औसत से बना रहे हैं रन

चेतेश्वर पुजारा रॉयल लंदन कप में अभी तक 8 मैचों में 102.33 की बेहतरीन औसत और 116 के स्ट्राइक रेट से कुल 614 रन बना चुके हैं। 8 पारियों में उनके बल्ले से 3 शतक और दो अर्धशतक देखने को मिल चुके हैं। इस मैच में 132 रन बनाने से पहले 34 वर्षीय खिलाड़ी ने वारविकशायर के खिलाफ केवल 79 गेंदों में 7 चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 107 रन बनाए थे और फिर सरे के खिलाफ 131 गेंदों में 174 रन की पारी खेली थी। इस पारी में पुजारा के बल्ले से 20 चौके और 5 छक्के निकले थे।

चेतेश्वर पुजारा जिस तरह वनडे में बल्लेबाजी कर रहे हैं, ऐसा माना जा रहा है कि उनकी नजर 2023 में भारत में होने वाले वर्ल्ड कप पर है।

# दूसरी बार खिताबी जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगा भारत

एशिया कप के सबसे ज्यादा 7 टाइटल जीते; UAE में जब-जब खेला, तब-तब जीता

**दुबई** UAE में चौथी बार एशिया कप होने जा रहा है। इसकी शुरुआत 27 अगस्त से होगी और फाइनल 11 सितंबर को खेला जाएगा। भारत दूसरी बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगा। उसने 2016 और 2018 में पिछले दोनों एशिया कप में टाइटल जीते थे। वह 1988, 1990/91 और 1995 में लगातार चैंपियन बन चुका है।

UAE में जब भी यह टूर्नामेंट हुआ है, भारत चैंपियन बना है, यानी तीन बार। टीम सबसे ज्यादा 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंची है और 7 बार चैंपियन बनी है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा चार बार एमएस धोनी की कप्तानी में टीम उतरी है और दो बार चैंपियन भी बनी है। 2016 के बाद एक बार फिर टी20 फॉर्मेट में टूर्नामेंट होगा। बांग्लादेश में भारत विजेता बना था।




## सबसे ज्यादा मैच भारत ने जीते

भारतीय टीम ने एशिया कप में सबसे ज्यादा 36 मैच जीते हैं। इस मामले में श्रीलंका दूसरे और पाकिस्तान तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका ने 35 और पाकिस्तान ने 28 मुकाबले जीते हैं।

## रोहित सबसे ज्यादा एशिया कप खेलने वाले भारतीय

रोहित शर्मा सबसे ज्यादा बार एशिया कप खेलने वाले भारतीय बने हैं। यह रोहित का 7वां सीजन होगा।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की प्रशासकों की समिति भंग, एक हफ्ते के लिए टाला एआईएफएफ का चुनाव

**नई दिल्ली** । सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के मामलों का प्रबंधन करने के लिए प्रशासक की समिति (सीओए) के जनादेश को रद्द कर दिया और एआईएफएफ के लिए 28 अगस्त को होने वाले चुनाव को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया, जो नए नियमों का पालन करने के लिए परिवर्तित निर्वाचक मंडल और नामांकन दाखिल करने की अनुमति देगा। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ और ए.एस. बोपन्ना ने सीओए को समाप्त कर दिया और दिन-प्रतिदिन के प्रबंधन की देखभाल एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव द्वारा की जाएगी। इसमें कहा गया है कि आगामी चुनाव के लिए एआईएफएफ की कार्यकारी परिषद में 23 सदस्य होंगे ङ्क जिसमें से 17 सदस्य निर्वाचक मंडल द्वारा चुने जाएंगे और छह सदस्य प्रतिष्ठित खिलाड़ियों से चुने जाएंगे।

# आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद ही कर्मचारियों के समस्या का स्थाई अंत संभव है - तरुणा साबे बेदरकर

## जिलाध्यक्ष तरुणा साबे बेदरकर के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के अनिश्चित कालीन धरने को आम आदमी पार्टी का समर्थन

जगदलपुर। आम आदमी पार्टी बस्तर ज़िला इकाई द्वारा अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के अनिश्चित कालीन धरना को समर्थन किया गया है। आज पार्टी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष तरुणा साबे के नेतृत्व में धरना स्थल पहुंच कर अपना समर्थन प्रस्तुत किया। जिसकी आधिकारिक जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी गई है।




जानकारी होकि अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन संघ के बैंत तले हजारों कर्मचारियों द्वारा दो सूत्रीय मांगों को लेकर जगदलपुर के मंडी प्रांगण में अनिश्चित कालीन धरना का आयोजन किया गया है, जिसका आज तीसरा दिन है। महंगाई भत्ता और गृह भत्ता की बढ़ोतरी इनकी प्रमुख दो मांगे हैं।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष तरुणा साबे ने मंच से भूपेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भूपेश सरकार पिछली रमन सरकार की तरह ही असंवेदनशील और जुमले वाली सरकार है। अपने जन धोषणा पत्र में कर्मचारियों के वेतन विसंगतियों को समाप्त करने की बात उन्होंने कही थी और वर्तमान में केंद सरकार के द्वारा लागू किये गए 34त्न भत्ते को लागू करने के बजाय 6त्न मात्र बढ़ा कर कर्मचारियों को झुनझुना दिखा रही है। सरकार द्वारा वित्तीय समस्या बताकर कर्मचारियों का हक़ मारा जा रहा है इस बात पर तीखे तंज कसते हुए तरुणा ने कहा कि क्या वित्तीय समस्या अपने विधायक मंत्री जनप्रतिनिधियों के वेतन और सुविधाओं को बढ़ाने हेतु नही आती है। जब बात कर्मचारियों के भत्ते और अधिकार की बात आती है तब भूपेश का दोहरा चरित्र सामने आता है।

**दिल्ली और पंजाब के तर्ज़ पर एक विधायक एक पेंशन योजना छत्तीसगढ़ में लागू करें भूपेश – तरुणा**

आम आदमी पार्टी की जिलाध्यक्ष तरुणा साबे ने पुन: तिखे शब्दो मे कहा कि अगर वित्तीय समस्या है तो पंजाब सरकार के तर्ज पर एक पद एक पेंशन लागू करें जिससे बचे हुए पैसे को कर्मचारियों और जनता के हित में खर्च करते हुए छत्तीसगढ़ के अर्थव्यवस्था को सुदृण करें।

**भाजपा और कांग्रेस कर्मचारियों को आश्वाशन के सिवाय कुछ नही देने वाले – चंद्रिका सिंह, कर्मचारी नेता (आम आदमी पार्टी)**

वरिष्ठ कर्मचारी आप नेता चन्द्रिका सिंह ने धरने को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब से कर्मचारियों के हित मे संघ का कमान संभाले है तभी से ही छत्तीसगढ़ में बीजेपी और कांग्रेस के नीतियों से वाकिफ हैं। ये दोनों पार्टीयो ने सिर्फ और सिर्फ कर्मचारियों को आश्वासन देकर वोट पाने की राजनीति की है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं एक कर्मचारी थे अत: कर्मचारियों के दर्द को समझते हैं, और रिटायरमेंट के बाद उन्होंने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। आने वाले समय मे कर्मचारियों के हितों की रक्षा के आम आदमी के निर्देश पर प्रदेश स्तरीय आन्दोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी और 23 इलेक्शन में हम सभी मिल कर इस जुमले बाज़ सरकार को उखाड़ फेंकते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएगी। चन्द्रिका सिंह ने कहा कि कर्मचारियों की मांग जायज है और सरकार को तुरंत इसमे फैसला लेना चाहिए। क्योंकि अब आम आदमी पार्टी एक विकल्प के रूप के लोगों के बीच काम करने वाली सरकार के रूप में स्तापित हो चुकी है।

हड़ताल को समर्थन के दौरान जिलाध्यक्ष तरुणा साबे बेदरकर कर साथ जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ नवनीत सराठे, वरिष्ठ कर्मचारी नेता, चन्द्रिका सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष फूलमति कुड़ियाम, ब्लॉक प्रभारी चांद राव, ब्लॉक प्रभारी दीपक निषाद, शिवा स्वर्णकार, श्यामलाल सोनी, युवा विंग संगठन मंत्री ईश्वर कश्यप सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

## एक नजर

### महंगाई भत्ता के मांग को लेकर शासकीय वाहन चालकों द्वारा निकाली गई बाइक रैली



**जांजगीर-चांपा** । शासकीय वाहन चालक संघ 16105 जिला जांजगीर चापा के वाहन चालकों द्वारा 34 प्रतिशत महगाई भत्ता, एच आर ए के मांग के लिए कलेक्टर मोड़ से कहचरी चौक जांजगीर तक बाईक रैली निकाला गया। संघ के प्रांताध्यक्ष सत्यप्रकाश बाग जी के मार्गदर्शन में संघ के उप प्रांताध्यक्ष रंजीत सिंह, जिलाध्यक्ष राम लाल यादव, अजय, मोती, आशिस, रमन सिंह, चन्द्रशेखर गोस्वामी ,शिव शंकर, अभिमन्यु, नित्यानंद, सुरेश मरावी, मेल दास, पुरुषोत्तम गढेवाल, निकुंज, रामसिंह, गायत्री चौबे, भारत मिश्रा, मुरली राव, नायर जी, मुकेश, प्रमोद, गणेश और जिला के समस्त वाहन चालक साथी उपस्थित थे।

### बाल रत्न मंच सेवा समिति गणेशोत्सव की कार्यकारणी घोषित

**राजनांदगांव** । विगत दिनों बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग श्याम कुटी के सामने आगामी गणेशोत्सव पर्व हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें बाल रत्न मंच सेवा समिति के संरक्षक सत्यनारायण अग्रवाल विजय अग्रवाल रमेश जैन छुरिया वाले गेंदमल ओस्तवाल निर्मल शर्मा बृजकिशोर सुरजन हरीश अग्रवाल घनश्याम भूतड़ा किशन अग्रवाल बाबा अजय सिंगी संजय अग्रवाल राजेश अग्रवाल कमल किशोर साहू अमर लालवानी प्रकाश अग्रवाल दीपक डागा जगदीश प्रसाद सोनी राकेश वैष्णव जगमोहन यादव रवि मुदिराज अश्विनी राजपूत संयोजक मयंक कृष्णा शर्मा राहुल अग्रवाल सौरभ खंडेलवाल रितेश यादव संदेश जैन अध्यक्ष चैतन्य अग्रवाल उपाध्यक्ष प्रभात गुप्ता रवि शर्मा कैलाश गुप्ता प्रशांत अग्रवाल सचिव करण अग्रवाल कोषाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल सह सचिव हर्ष अग्रवाल रोहित शर्मा विकास अग्रवाल प्रचार प्रसार प्रभारी अर्पित अग्रवाल भंडारा प्रभारी पीयूष शर्मा लोकेश अग्रवाल सवी अग्रवाल सतपाल वातवानी पंडाल एवं डेकोरेशन व्यवस्था प्रभारी निलेश शर्मा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी गोविंद जोशी प्रशांत कुशवाहा पूजा पाठ व्यवस्था प्रभारी आयुष शर्मा शैलेश शर्मा श्रेयांश जोशी विशेष आमंत्रित सदस्य यश नाहटा मयूर जैन कार्यकारणी सदस्य अर्णव अग्रवाल सार्थक शर्मा कृष्णा शिरवानी युग खंडेलवाल वैदिक शर्मा गोपाल अग्रवाल चैतन्य यादव वंदित शर्मा श्रेष्ठ अग्रवाल जश अग्रवाल संचित खंडेलवाल रक्षित शर्मा को बनाया गया है बाल रत्न मंच सेवा समिति गणेशोत्सव पर्व के संयोजक सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि संस्कारधानी कि सेवाभावी संस्था गौ सेवा रथ दो रोटी बाल रत्न मंच सेवा समिति गौ माता कि सेवा में सदैव तत्परता से सेवा में है संस्था द्वारा गणपति महोत्सव का इस 29 वां वर्ष है लगातार गणेशोत्सव में धार्मिक देशभक्ति प्रश्नोत्तरी स्थल झांकी पौधा रोपण व संरक्षण नगर भंडारा बच्चों कि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता थाली सजाओ गीत संगीत व विविध आयोजन गणेशोत्सव में किये जातें हैं

### आग्रोहा मिलर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जप्त खाद्यान्न को राजसात करने की कार्यवाही

**जांजगीर-चांपा।** कस्टम मिलिंग कार्य में प्रगति लाने एवं भारतीय खाद्य निगम में 30 सितंबर तक चावल जमा करने के लिए कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर चावल जमा करने में लापरवाही बरतने वाले मिलर्स पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में फगुरम स्थित अग्रोहा राइसमिल में खाद्य विभाग की टीम द्वारा जांच कार्यवाही की गई जिसमे भारतीय खाद्य निगम में चावल जमा करने में रूचि नहीं लिए जाने के कारण और छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने के कारण मिल संचालक से 158 क्विटल धान और 82 क्विंटल चावल जप्त किया गया। जप्तशुदा धान एवं चावल का बाजार मूल्य लगभग पांच लाख रूपये है। मिलर का उक्त कृत्य आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय है। जिला खाद्य अधिकारी मनोज त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि मिलर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जप्त खाद्यान्न को शासन के पक्ष में राजसात करते हुए आगामी वर्ष के लिए ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही की जावेगी।

### मुड़गेलमाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित

**गरियाबंद** । जिला गरियाबंद अंतर्गत विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम मुड़गेलमाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं, उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है जो कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के रूप में चिन्हांकित है। उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (01 महिला, 01 पुरुष) तथा 01 सीएचओ का पद स्वीकृत है। जिसके विरूद्ध 02 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) कार्यरत है।

# स्कूलों में शिविर लगाकर विद्यार्थियों का बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड



**जांजगीर-चांपा** । कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के विशेष निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन पर आपके द्वार आयुष्मान अभियान तृतीय चरण संचालन किया जा रहा है। अभियान के दौरान छुटे हुए पात्र हितग्राहियों का नि:शुल्क का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। अभियान में 22 अगस्त एवं 23 अगस्त 2022 को केन्द्रीय विद्यालय में शिविर लगाकर वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों का 184 आयुष्मान कार्ड व स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विधालय नं.-1 में भी शिविर लगाकर अध्ययनरत विद्यार्थी एवं उनके परिजनों का लगभग 100 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। शेष छुटे हुए विद्यार्थी एवं उनके परिजनों का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 24 अगस्त 2022 को भी शिविर का आयोजन कर बनाया जा रहा है। साथ ही जिले के अन्य शासकीय एवं निजी विद्यालयों में विद्यार्थियों को योजनांतर्गत जानकारी प्रदान कर उन्हें शासन की महत्वाकांक्षी योजना के सबंध में जागरूक करते हुए शिविर का आयोजन कर विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आपके द्वारा आयुष्मान अभियान अंतर्गत जिले के शेष पात्र समस्त ए0पी0एल0 एवं बी0पी0एल0 राशन कार्डधारी परिवारों का आयुष्मान कार्ड (ई-कार्ड) बनवाने की अति आवश्यकता हैं।

**जिले के शासकीय, निजी चिकित्सालयों एवं कॉमन च्वाइस सेंटरों में भी नि :शुल्क बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड**

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल जगत को दिया जायेगा कांग्रेस खेल प्रतिभा सम्मान

## समारोह 29 अगस्त से 5 सितंबर तक प्रदेश के सभी जिलों में होगा आयोजित



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ राज्य के खेल जगत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेलकूद प्रकोष्ठ के तत्वाधान में लगातार पांचवे वर्ष कांग्रेस खेल प्रतिभा सम्मान समारोह प्रदेश के सभी 32 जिलों में आयोजित किया जा रहा है, छत्तीसगढ़ खेल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधि. प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बतलाया है कि देश और प्रदेश के अमर शहीदों की स्मृति में प्रदेश के मैडलिस्ट, नवोदित खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों, अधिकारियों पत्रकारों और खेल को बढ़ावा देने वाले सभी नागरिकों का सम्मान 29 अगस्त से लेकर 5 सितंबर के तक प्रदेश के सभी जिलों के राजीव भवन में समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जायेगा।

**11 हजार खिलाड़ियों को सम्मानित करने का लक्ष्य**

ख्वाजा अहमद प्रदेश महामंत्री सरगुजा संभाग प्रभारी ने बतलाया कि इस सम्मान समारोह में अवार्ड को कई श्रेणियों में विभाजित किया गया है। जिनमें प्रमुख रूप से महात्मा गांधी लाइफ टाइम स्पोर्ट्स अचीवमेंट अवार्ड, खेल संघों को मेडल के आधार पर मेजर ध्यानचंद खेल पुरस्कार, अंतराष्ट्रीय मैडल प्राप्त महिला वर्ग को शहीद इंदिरा गांधी खेल पुरस्कार, पुरुष वर्ग में शहीद राजीव गांधी खेल पुरस्कार, प्रशिक्षक, निर्णायक, खेल पत्रकारों एवं खेल को बढ़ावा देने वाले नागरिकों को शहीद विद्याचरण शुक्ल खेल पुरस्कार, राष्ट्रीय मैडल विजेता खिलाड़ियों को शहीद नंदकुमार पटेल खेल पुरस्कार, राज्य स्तर पर मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को शहीद महेंद्र कर्मा खेल पुरस्कार, जिला स्तर पर मेडलिस्ट खिलाड़ियों को शहीद उदय मुदलियार खेल पुरस्कार, अन्य खिलाड़ियों को शहीद योगेंद्र शर्मा सांत्वना खेल पुरस्कार से सम्मानित करने प्रावधान किया गया है।

# कलेक्टर ने जिले के युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन द्वारा जिले के युवाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने, रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हर संभव पहल किया जा रहा है। इसी कड़ी में आकांक्षा कार्यक्रम के तहत वर्ष 2021-22 मे 6 विद्यार्थियों का चयन आईआईटी एडवांश के लिए हुआ है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले के युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन जांजगीर-चांपा द्वारा वर्ष 2018-19 से जिले के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा आईआईटी-जेईई, मेंस एडवांस, नीट की तैयारी के लिए आकांक्षा आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहा है।

# पूर्णिमा नागदेवे के पार्षद पद को रद्द कर शून्य घोषित करने को लेकर निशा दीपेश शेंडे ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**कहां अस्थाई जाति प्रमाण पत्र के सहारे लड़ी चुनाव लेकिन 6 माह बीत जाने के बाद भी नहीं दिया स्थाई जाति प्रमाण पत्र**

**राजनांदगांव** । 21 दिसम्बर 2019 को हुवे नगर निगम चुनाव वार्ड न 10 राजनादगांव (छ.ग) से विजयी प्रत्याशी श्रीमति पूर्णिमा नागदेवे (कांग्रेस प्रत्याशी) का पार्षद पद नगर निगम अधिनियम 1956 कि धारा 19 (1) (अ-1), 441, 441 (क्र) के तहत रद्द कर शून्य घोषित किये जाने एवं दितीय सर्वाधिक वोट प्राप्तकर्ता श्रीमती निशा (दीपेश शेंडे) को विजयी प्रत्याशी घोषित किये जाने को लेकर निगम नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन।

श्रीमती निशा दीपेश शेंडे ने कहा कि 01 दिसंबर 2019 को छत्तीसगढ़ शासन की ओर से समस्त राजनादगांव नगर निगम क्षेत्र में वार्ड चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया का प्रारंभ किया गया था उसी तारतम्य में मुझ आवेदनकर्ती/ शिकायतकर्ती द्वारा भी नगर निगम चुनाव वार्ड न 10 राजनादगांव (छ.ग) हेतु नामांकन फार्म पर विधिवत जानकारी दे कर सक्षम अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय राजनांदगांव के समक्ष नामांकन आवेदन 06 दिसम्बर 2019 को प्रस्तुत किया गया था। उक्त नगर निगम चुनाव में वार्ड न 10 हेतु पार्षद पद के लिए शासन कि ओर से उक्त पद को आरक्षित किया गया था जिस पर आरक्षित पद महिला अनुसूचित जाति था। उक्त आरक्षित पद के लिए सभी महिला प्रत्याशियों द्वारा नामांकन आवेदन पत्र के साथ साथ सभी प्रकार के आवश्यक दस्तावेज मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसमे मुख्य आवश्यक दस्तावेज स्थाई जाति प्रमाण पत्र था, जिसे वार्ड क्र. 10 की महिला विजयी प्रत्याशी पूर्णिमा नागदेवे द्वारा जमा न किया जा कर उक्त आवेदन के बदले में अस्थायी जाति प्रमाण पत्र जमा किया गया था ( जो कि सिर्फ 06 माह के लिए वैध होता है) के आधार पर नामांकन आवेदन जमा किया गया था तत्पश्चात प्रशासन द्वारा 21 दिसम्बर 2019 को चुनाव प्रक्रिया संपन्न कर श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे को वार्ड न 10 को 24 दिसम्बर 2019 को नगर निगम पद के लिए कांग्रेस कि ओर से विजयी प्रत्याशी घोषित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था। वार्ड न 10 राजनादगांव नगर निगम पद के लिए कांग्रेस कि ओर से विजयी प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे द्वारा चुनाव 21 दिसम्बर 2019 से लेकर आज तक उक्त आवेदनकर्ती/शिकायतकर्ती अस्थायी जाति प्रमाण पत्र के स्थान पर स्थायी जाति प्रमाण पत्र जिला निर्वाचन कार्यालय राजनांदगांव में जमा नही किया गया है जिसकी पुष्टि सुचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजो से होता है।

सुचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा भी विजयी प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे द्वारा प्रस्तुत अस्थायी जाति प्रमाण पत्र को स्थायी जाति प्रमाण पत्र में परिवर्तन करने के आवेदनको गुणावगुण के आधार पर ख़ारिज किया जा चूका है नगर निगम वार्ड चुनाव में वार्ड न 10 कि प्रत्याशी श्रीमति पूर्णिमा नागदेवे द्वारा आज दिनांक तक प्रशासन को गुमराह कर स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना एवं उक्त पद पर बने रहना अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है।

# सर्व यादव समाज ने महेंद्र बंसोड़ की गिरफ्तारी की मांग की

**राजनांदगांव। जिला सर्व यादव समाज ने सोशल मीडिया पर भगवान श्री कृष्ण के संबंध में अपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने वाले प्रधान आरक्षक महेंद्र बंसोड़ के निलंबन से संतुष्ट नहीं हैं और उसे गिरफ्तार करने की मांग की है।**




रविवार को जिला सर्व यादव समाज के पदाधिकारियों ने सिटी कोतवाली थाने में आरोपी प्रधान आरक्षक के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराकर उसे तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की थी जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने आरोपी महेंद्र बंसोड़ को निलंबित तो कर दिया है परंतु गिरफ्तारी नहीं हुई है। सर्व यादव समाज इस कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की हैं। उल्लेखनीय है कि जन्माष्टमी पर्व के पावन पर्व पर जहां एक ओर सम्पूर्ण भारत में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा था वहीं दूसरी ओर राजनांदगांव ग्रामीण थाना लालबाग में पदस्थ प्रधान आरक्षक महेंद्र बंसोड ने श्री कृष्ण की गोपियों के संग रास लीला के संबंध में अशोभनीय और अपत्तिजनक सामग्री सोशल मीडिया में शेयर कर दी थी।

इस घटना के बाद से श्री कृष्ण के वंशज यादव समाज के लोग बड़े आक्रोशित हैं। सर्व यादव समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि इस घटना से न केवल यदुवंशियों की वरन संपूर्ण विश्व में श्री कृष्ण के करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। यादवों के ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण के विरुद्ध अशोभनीय टिप्पणी से संपूर्ण यादव समाज का अपमान हुआ इसलिए आरोपी को केवल निलंबित किए जाने से यादव समाज संतुष्ट नहीं और महेंद्र बंसोड़ को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# हड़ताल के तीसरे दिन भी जारी रहा कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का आंदोलन

## आज निकलेगी फेडरेशन रायगढ़ की न्याय मशाल रैली

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़ ।

छत्तीसगढ़ सरकारी फेडरेशन के आह्वान पर रायगढ़ जिले के विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी एवं लोक सेवक अपनी मूल मांग केंद्र के समान देय तिथि से डीए बकाया एरिएर्स सहित एवं सातवें वेतनमान अनुरूप एचआरए प्रदान करने की मांगों को लेकर 22 अगस्त से शुरू हुए फेडरेशन के अनिश्चितकालीन आंदोलन के तीसरे दिन भी कलम बंद काम बंद कर हड़ताल पर बैठे रहे। फेडरेशन रायगढ़ के जिला संयोजक श्री शेख कलीमुल्लाह ने बताया कि,सरकार हमारी मांगों को लगातार अनदेखी कर रही है जिससे जिले के समस्त कर्मचारियों अधिकारियों में सरकार के प्रति दिनोदिन रोष बढ़ता जा रहा है। अपने मौलिक अधिकारों के रक्षार्थ अपनी वाजिब मांगों के समर्थन मे 25 अगस्त 2022 को 3 बजे मशाल के साथ कर्मचारी न्याय महारैली जिला मुख्यालय मिनी स्टेडियम एवं सभी तहसील मुख्यालयों में निकाली जाएगी और अपनी जायज मांग के लिए आवाज बुलंद की जाएगी। विदित हो कि,हड़ताल के तीसरे दिन 24 अगस्त को मिनी स्टेडियम रायगढ़ में कर्मचारी अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के शासकीय लोक सेवक एकत्रित होकर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में जोर शोर से नारेबाजी करते हुए वृहद स्तर पर हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन करते दिखाई दिए। फेडरेशन शांतिपूर्ण चरणबद्ध आंदोलन के माध्यम से राज्य शासन को समय समय पर अपनी जायज मांगों के निराकरण हेतु अवगत कराती रही किंतु शासन द्वारा शासकीय सेवकों के हित में समाधान कारक निर्णय नहीं ले रही। शासन के उपेक्षा पूर्ण रवैया से क्षुब्ध एवं व्यथित होकर आज प्रदेशभर के कर्मचारी अधिकारीगण लामबंद हैं व अपने मौलिक अधिकारों के हनन से शासकीय सेवकों में निराशा और आक्रोश व्याप्त है। फेडरेशन रायगढ़ के संयोजक श्री शेख कलीमुल्लाह का कहना है कि, सरकार ने 6% महंगाई भत्ता बढ़ाया है जबकि मध्य प्रदेश जैसे राज्य केंद्र के कमान महंगाई भत्ता दे रहे हैं प्रदेश के कर्मचारियों को हजारों रुपए प्रति माह नुकसान उठाना पड़ रहा है एरियस की घोषणा ना करके कर्मचारियों के हक पर डाका डाला जा रहा है.कर्मचारी अधिकारी अपनी मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन के जरिए अपनी मांगों को पूर्ण कराने के लिए पूरी तरह से कमर कस चुके हैं। लगातार कर्मचारी संगठन फेडरेशन की मांगों का समर्थन कर रहे हैं । छत्तीसगढ़ राज्य चिकित्सा अधिकारी संघ के आह्वान पर



रायगढ़ जिले के चिकित्सक काली पट्टी लगाकर शासन की नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यदि शासन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के लंबित मांगों पर शीघ्र कोई समाधान कारक ठोस निर्णय नहीं लेती तो यह आंदोलन दिनोदिन और उग्र होता जाएगा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक शेख कलीमुल्लाह, संरक्षक डॉक्टर डीआर प्रधान,मनोज पांडे सचिव अनिल यादव कोषाध्यक्ष डॉ माधुरी त्रिपाठी, छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा रायगढ़ के अध्यक्ष गोविंद परधान, सचिव डिकाराम शेष, छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के सचिव ,डॉ अनिल पटेल छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री धर्मेंद्र बैंस, अध्यक्ष रति दास महंत, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष एलबीएस जाटवर, सचिव विनोद षडंगी, संजीव सेठी छत्तीसगढ़ अभियंता संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी सचिव राजेश पटेल छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ रायगढ़ के अध्यक्ष अर्जुन जायसवाल सचिव एस पुरसेठ , छत्तीसगढ़ लघु वेतन चतुर्थ वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के उप प्रांत अध्यक्ष विष्णु यादव जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता महामंत्री वेद प्रकाश अजगले , छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी के अध्यक्ष सुधीर पंडा सचिव अभिषेक साहू, छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ के अध्यक्ष रूपलाल सिदार सचिव मनोज पटेल छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय सचिव विशेश्वर नायक अध्यक्ष लंबोदर पटेल, डॉ नरेंद्र पर्वत अध्यक्ष छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ रायगढ़ लक्ष्मीकांत पटेल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ रायगढ़,राज कमल पटेल अध्यक्ष, सौरव पटेल छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ रायगढ़, राम कुमार चौहान उपप्रांत अध्यक्ष श्याम सिदार अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वाहन चालक संघ रायगढ़, पीसी साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ रायगढ़, जीआर साहू अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ कमल सिदार अध्यक्ष शरद बेक सचिव वन कर्मचारी संघ रोहित कुमार डनसेना अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य संयोजक संघ रायगढ़,आई सी मालाकार छत्तीसगढ़ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ रायगढ़, सीपी डनसेना अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन रायगढ़, श्रीकांत पांडे करारोपण अधिकारी संघ, अमित कुमार, अध्यक्ष सनत कुमार पटेल सहायक विस्तार अधिकारी संघ दाताराम नायक अध्यक्ष , सुशील चौरसिया छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय अधिकारी संघ इमरान खान अध्यक्ष अनियमित कर्मचारी महासंघ रायगढ़, गोपाल नायक पेंशनर संघ अनिल बाजपेई अध्यक्ष स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ नगर निगम रायगढ़ लक्ष्मी बघेल अध्यक्ष क्रांतिकारी शिक्षक संघ, श्रीमती दीपा मैडम महिला बाल विकास अधिकारी पर्यवेक्षक संघ श्रीमती जानकी यादव अध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी श्रीमती मीना पटेल अध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ, चंद्र राम साहू अध्यक्ष बाबा घासीदास मेडिकल कॉलेज छत्तीसगढ़ लघु वेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ यूनिट एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से संबद्ध तमाम शासकीय व अशासकीय कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों तथा शरद थवाईत जिला अध्यक्ष, शरद पटेल प्रांतीय संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक कर्मचारी संघ, लोमेश मिरी अध्यक्ष कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ पॉलिटेक्निक कर्मचारी संघ राजेश कुमार, विवेकानंद पटनायक आदि ने 25 अगस्त की मशाल के साथ कर्मचारी न्याय महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने की अपील की हैं। उक्त जानकारी फेडरेशन के जिला प्रवक्ता आशीष रंगारी द्वारा दी गई।

## एक नजर

### बिल्डिंग मटेरियल फैलाकर बाधक की सड़क तो होगी जुर्माने की कार्रवाई

**भिलाईनगर** । नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर अपने प्रतिदिन के शेड्यूल के तहत सुबह-सुबह विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। इसी के तहत आज वार्ड क्रमांक 19 साहू पारा एवं गुरुनानक भवन के पीछे के इलाकों का निगम आयुक्त ने निरीक्षण कर जायजा लिया। आयुक्त के आदेश देने के बाद आज शासकीय स्थानों पर लगे अवैध पोस्टर को निकालने का काम स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा था, आयुक्त ने कहा कि ऐसे सभी स्थानों से पोस्टर निकालने का काम करें तथा दोबारा उन क्षेत्रों का निरीक्षण कर जायजा ले पुनः यदि अवैध रूप से पोस्टर एवं पंपलेट चस्पा किए हुए मिले तो ऐसे संबंधों को नोटिस जारी कर उनसे जुर्माना वसूलने की कार्रवाई भी करें। उन्होंने आज जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या के साथ कई इलाकों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने नाली की सफाई एवं सड़कों की सफाई भी देखी। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर निर्माण एवं विध्वंस के मटेरियल सड़कों पर पड़े हुए मिले। उन्होंने कहा कि सड़क बाधा कर बिल्डिंग मटेरियल फैलाने तथा आवागमन अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें। आयुक्त ने अपने निरीक्षण में कहा कि शहर में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए कहीं भी गंदगी और कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना वसूली की कार्यवाही त्वरित रूप से करें। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए है इसी तारतम्य में अधिकारी/कर्मचारी मॉर्निंग विजिट कर मोहल्ले एवं क्षेत्रों का सुबह से जायजा ले रहे हैं। आयुक्त ने प्रातः भ्रमण में पब्लिक फीडबैक भी लिया और समस्याओं से रूबरू होकर अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। आज के निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह आदि मौजूद रहे।

### धन कभी सुख, सुंदर स्वास्थ्य व शांति नहीं दे सकता - हर्षित मुनि

धन के लिए जीवन नहीं बल्कि जीवन चलाने के लिए धन जरूरी

**राजनांदगांव** । जैन संत हर्षित मुनि ने कहा कि संपन्न होने के बावजूद भी व्यक्ति संपत्ति बनाने और पैसा कमाने में लगा रहता है, इसी को कहते हैं धन के प्रति मोह। उन्होंने कहा कि यह मोह व्यक्ति पर अनंत काल से हावी है। पारिवारिक जीवन के लिए धन की आवश्यकता होती है किंतु धन के लिए जीवन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि धन भौतिक सुख दे सकता है किंतु सुख सुंदर स्वास्थ्य और शांति नहीं दे सकता।

समता भवन में आज संत हर्षित मुनि ने कहा कि धन अपने साथ बारात लेकर आती है। इस बारात में दुख, खटास, दरार, दूरी और अहम शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति कुछ हजार कमाकर सोता है और एक व्यक्ति प्रतिदिन करोड़ों रुपए कमाकर सोता है, दोनों के ही सोने में अंतर होता है। एक चैन की नींद सोता है और दूसरा नींद की गोलियां खाने के बाद भी चैन से सो नहीं पाता। उसके पास भौतिक सुख तो होता है किंतु उसके पास मौलिक सुख नहीं होता। धन कमाने के लिए वह अपनी नियमित दिनचर्या से दूर हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन भर वह जिन सुखों को कमाने के लिए समय लगा देता है, बुढ़ापे में वही सुख उससे दूर हो जाते हैं। युवावस्था में वह जिस खाने को ठुकराता है, बुढ़ापे में वही चीज वह खा नहीं पाता।

संत ने कहा कि हम धन कमाने के लिए जीवन जीने के तरीके को टालते जा रहे हैं और जब उसके उपभोग का समय आता है, तब हमारी कमाई का 40 फ़ीसदी हिस्सा डॉक्टरों के पास चला जाता है। उन्होंने कहा कि संबंधों पर भी धन असर डालता है। धन कमाने की लोलुपता में व्यक्ति अपने परिवार से भी दूर हो जाता है। वह अपने परिवार वालों को समय नहीं दे पाता। बच्चों से दूर रहने के कारण बच्चों में उसके प्रति लगाव नहीं हो पाता । युवावस्था में वह बच्चों को समय नहीं दे पाता और जब उसे बच्चों की जरूरत होती है तब बच्चों के पास उसके लिए समय नहीं होता। पैसों का दरार उतना बड़ा दरार नहीं है जितना बड़ा परिवार का दरार है। जैसे-जैसे धन बढ़ता है, वैसे-वैसे व्यक्ति के व्यवहार में भी फर्क आता है। व्यक्ति में अहम आ जाता है। इस धन से पुराने संबंधों में भी दरार आ जाती है। उन्होंने कहा कि अपने व्यवहार में नियंत्रण रखो और यह याद रखो कि धन अपने साथ बारात लेकर आती है और इस बारात में दुख, खटास, दरार, दूरी और अहम शामिल होते हैं। इसलिए जीवन चलाने के लिए धन कमाएं ना कि धन के लिए जीवन खपाएं। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

### शासकीय कार्य के लिए स्टेशनरी सूची जारी

**गरियाबंद** । वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिला गरियाबंद हेतु शासकीय कार्य के लिए लेखन सामग्री/स्टेशनरी की अनुमोदित दर सूची 06 माह ( फरवरी 2022 तक) के लिए जारी की जा रही है। उक्त सूची गरियाबंद की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट गरियाबंद डाट जीओवी डाट इन पर देख सकते है। उक्त अनुमोदित दर सूची से कम दर पर सामग्री उपलब्ध कराने वाली फर्म/संस्था सामग्री दर सूची सहित कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

## दस्तावेज सत्यापन सह कौशल परीक्षा 25 को

**गरियाबंद** । जिले में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को उनकी पात्रता अनुसार रिक्त पदों के विरूद्ध आवेदकों की भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों का जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा विधिवत परीक्षण उपरांत 55 पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। उक्त पात्र अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन सह कौशल परीक्षा 25 अगस्त 2022 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3:30 बजे तक एम.आई.एस लैब जिला पंचायत गरियाबंद में आयोजित किया गया है। उक्त कौशल परीक्षा में नियत तिथि समय एवं स्थान में दस्तावेज सत्यापन हेतु पूर्व में आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ पात्र आवेदकों को उपस्थित होना होगा।

## 16 लाख रूपये के वायर बंडल की अफरा-तफरी मामले में ट्रक चालक समेत माल खपाने वाले प्लांट संचालक और कबाड़ी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एसपी रायगढ़ अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले के मार्गदर्शन पर पूंजीपथरा टीआई कृष्णकांत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 30 टन वायर बंडल की अफरा-तफरी करने वाले तीन आरोपी ट्रक चालक तथा मटेरियल की खरीदी कर प्लांट में बेचने वाले कबाडी एवं प्लांट के संचालक को महासमुंद के बसना, रायपुर के मौदहापारा और रावाभाठा क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।जानकारी के मुताबिक थाना पूंजीपथरा अंतर्गत महराज रोड कैरियर्स तराईमाल में मैनेजर का काम करने वाला शरवेश दुबे 6 जनवरी 2022 को थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ट्रांसपोर्ट कंपनी के मार्फत दिनांक 28 दिसंगर 2021 को ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएच 4550 का चालक झनक नायक द्वारा सिंघल इन्टर प्राईजेस प्रा.लि. तराईमाल से वायर बंडल लोड कर तारणी स्टील प्लांट रायपुर खाली करने रवाना किया गया था जो गन्तव्य स्थान में न पहुंचाकर रास्ते में ट्रक में लोड माल को अफरा तफरी कर गबन कर दिया है। घटना के संबंध में लिखित आवेदन पर आरोपी ट्रक क्रमांक 06 जीएच 4550 का चालक झनक नायक के विरूद्ध 'अपराध क्रमां 03/2022 धारा 407 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना क्रम में पूंजीपथरा पुलिस को घटना में प्रयुक्त खाली ट्रक गजराज बॉडी गैरेज तुलसी थाना मंदिर हसौद में खड़ा होने की जानकारी मिली जिस पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा गजराज बॉडी गैरेज तुलसी जाकर पतासाजी किया गया। गजराज बॉडी गैरेज ट्रक क्रमांक 06 जीएच 4550 खाली मिला जिस में चाबी लगा हुआ था जिसे पुलिस टीम द्वारा गवाहों के समक्ष वाहन की जब्ती कर बाड़ी गैरेज के संचालक



प्रताप निषाद से पूछताछ किया गया। गैरेज संचालक बताया कि ट्रक का मालिक शिव कुमार नायक द्वारा 2 जनवरी 2022 को फोन कर गाड़ी का चादर का काम कराना है कहकर मोटर गैरेज में गाड़ी खड़ी किया है। वाहन स्वामी शिव नायक का पतासाजी कर 13 फरवरी 2022 को वाहन का मूल कागजात वाहन स्वमी से जप्त कर फरार ट्रक के चालक झनक नायक के संबंध में जानकारी लेकर मुखबिर की सूचना पर आरोपी ट्रक चालक को उसके गांव से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

आरोपी ट्रक चालक झनक नायक बताया कि पूंजीपथरा तराईमाल से ट्रक क्रमांक 06 जीएच 4550 में वायर बंडल लोड कर निकला था और लोड मटेरियल को खपाने के लिये मोबाइल पर कबाड़ी सलाउद्दीन से संपर्क किया। कबाड़ी सलाउद्दीन द्वारा रंगा इंडस्ट्री किल प्लांट के संचालक टीएनव्ही रामकुमार के साथ उक्त माल का 12 लाख रूपये में सौदा किया। कबाडी के कहने पर रास्ते में माल को खाली कर तीनों मिलकर माल को गबन कर दिये और पकड़े जाने के भय से आरोपी ड्राइवर झनक नायक और कबाड़ी सलाउद्दीन मोबाइल तोड़ कर फेंक दिए जिस पर प्रकरण में साक्ष्य विलोपित करने की धारा 201, 34 भादवि जोड़ा गया और प्रकरण के आरोपी श्री रंगा इंडस्ट्री किल प्लांट के संचालक टीएनव्ही रामकुमार को रावाभाठा में दबिश देकर पकड़ा गया है, आरोपी टीएनव्ही रामकुमार से नोकिया मोबाइल की जप्ती की गई है। ट्रक ड्रायवर और कबाड़ी द्वारा फरार रहने दौरान मटेरियल को बेचने में प्राप्त रूपये खर्च होना बताये तथा किल प्लांट के संचालक द्वारा प्लांट में मटेरियल को खपाना बताया। तीनों आरोपियों को 23 अगस्त 2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक केके सिंह, सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे, आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर, नरेश रजक और विद्या सिदार की अहम भूमिका रही है।

### गिरफ्तार आरोपी

झनक नायक पिता स्वर्गीय राम सिंह नायक उम्र 33 वर्ष निवासी नायक पारा वार्ड क्रमांक 3 बसना थाना बसना जिला महासमुंद, सलाउद्दीन पिता नसीरुद्दीन उम्र 32 साल निवासी कम्हरिया थाना मौदहा जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश हाल मुकाम वार्ड क्रमांक 36 मौदहापारा रायपुर, टीएनव्ही रामकुमार पिता वी नागेश्वर राव उम्र 38 साल निवासी सीओ वेस्ट गोदावरी उत्तर प्रदेश हाल मुकाम मेटल पार्क रावाभाठा रायपुर।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्माष्टमी पर्व चिरंजीव दास नगर कालोनी में

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





वाकई क्या दृश्य था जब जब एक प्यारी से बच्ची भगवान कृष्ण का रुप धारण किए हुए सभी के मन को लुभा रही थी और सभी महिलाएं उसे अपने गोद में लेने के लालायित हो रही थी। यह नजारा रायगढ़ के कौहाकुण्डा चिरंजीव दास नगर कालोनी में उस दिन देखने को मिला जब वहां के रहवासी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व मना रहे थे। पायल एवं बिमला की राधा-कृष्ण की जोड़ी भी आकर्षण का केन्द्र रही।

इस त्योहार के प्रति महिलाओं और बच्चों में गजब का उत्साह था। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पारंपरिक रीति रिवाज एवं पूरे भक्ति भाव के साथ कालोनी के रहवासियों ने भगवान श्रीकृष्ण-राधा की पूजा की। वहीं अलग-अलग घरों में लोगों ने अपने नन्हें मुन्नें बच्चों को आकर्षक ढ़ंग से राधा कृष्ण के रूप में सजाया। बांसुरी, मुकुट, मोरपंख, आभूषण, पहनाकर आकर्षक रूप से सजाया गया और कान्हाजी का सुंदर व मनमोहक रूप को अभिनीत किया गया। वहां की सभी महिलाओं ने बताया कि पिछले दो वर्षों से कोविड की वजह से अपने-अपने घरों में पूजा अर्चना कर जन्माष्टमी उत्सव मनाये थे। लेकिन इस बार अब कोविड का कोई खतरा नहीं था तो सभी कालोनीवासी पूरे एक माह पहले से ठानकर चल रहे थे इस बार पूरे धूमधाम से जन्माष्टमी पर्व मनायेंगे। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण के अवतार से संबंधित भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं दही हाण्डी भी फोड़ा गया। उस समय का माहौल इतना गजब था कि बच्चे तो बच्चे सभी महिलाओं ने भी नाच-गाकर जन्माष्टमी पर्व को हर्षोल्सास के साथ मनाया। वहीं पूजा समाप्ति के पश्चात प्रसाद के रूप खिचड़ी व जलेबी का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रिया शर्मा, शोभा तिवारी, डाली, वर्षा साहू, श्वेता सिंह क्षत्रिय, परमिला शर्मा, जानकी डनसेना, त्रिशा सिदार, संतोषी पटेल, पुनीता यादव, शोमा गोस्वामी, हीना देवांगन सहित अन्य महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डटी स्वास्थ्य विभाग की टीम

मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने घर-घर बांटे क्लोरिन की टेबलेट

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



**किसी भी आपात स्थिति में तुरंत डॉक्टर से करें संपर्क सीएमएचओ डॉ.-केशरी**

जले में बीत कुछ दिनों में हुई बारिश के कारण कई गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं हालांकि अब बाढ़ का पानी गांवों से उतर चुका है। प्रभावितों को सारंगढ़,पुसौर,सरिया के 7 राहत शिविर में रखा गया था। पुसौर में फ्लिहाल 4 मरीज ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हैंए पर बाढ़ के कारण उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्यगत समस्याओं से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार लोगों से एहतियात बरतने की अपील कर रही हैं। दो दिन पहले जिले के प्रभारी सचिव के साथ कलेक्टर रानू साहू और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया था। कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी ने संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारियों, डॉक्टर्स समेत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को बाढ़ के बाद बीमारियों को लेकर बचाव के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया, बाढ़ का पानी कम होने के बाद डायरिया, डेंगू और टायफइड जैसी बीमारियों का प्रभाव बढ़ जाता है इसलिए यह बीमारियां गंभीर रूप न लें, इसके लिए जरूरी दवाओं को प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाया जा चुका है। चूना और ब्लीचिंग छिड़काव हो रहे हैं। उन्होंने आगे बताया आज सुबह पुसौर विकासखंड में 55 वर्षीय व्यक्ति को उल्टीए दस्त की समस्या हुई जिस पर उसके परिजनों ने वही के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। फिर उन्हें रायगढ़ के एक निजी अस्पताल में ले भर्ती कराने ले जाया जा रहा था कि उसी दौरान उनकी मौत हो गई। पुसौर के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवंशी ने बताया उक्त व्यक्ति के मौत की जांच की जा रही है। क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन के सहयोग से सभी घरों में क्लोरिन के टेबलेट बांट दिये गये हैं। लोगों को साफ पानी पीने की सख्त हिदायद दी गई है जिससे वे डायरिया और उल्टी से बच सके। जिन्हें उल्टी, दस्त की समस्या हैं वह ओआरएस घोल का सेवन करें और जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क करें। हमारी टीम दिन रात लगी हुई है।

### बीमारियों से कैसे करें बचाव

पुसौर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके चंद्रवंशी कहते हैं बाढ़ के दौरान गंदे पानी में बैक्टीरिया पैदा होते हैं जिस कारण लोगों को कई प्रकार के त्वचा रोग भी हो जाते हैं। बाढ़ के बाद लोगों को एहतियात बरतने की आवश्यता है। शुद्ध पानी से कई बीमारियों से निजात मिल सकता है। लोग को पानी उबालकर पीना चाहिए। साथ ही शरीर में आवश्यक खनिज आपूर्ति के लिए नारियल पानी या स्वच्छ पानी का उपयोग भी कर सकते हैं। बाढ़ के कई इलाकों में लोग पीने के पानी के लिए भूजल पर निर्भर होते हैं। इसलिए जीवाणु संक्रमण से छुटकारा पाने के लिए पानी में क्लोरीन भी मिला सकते हैं।

# महासमुन्द पुलिस ने किया बसना के बुलबुल ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी का खुलासा

## आरोपी से चोरी की गई सोने चांदी के आभूषणों की शतप्रतिशत बरामदगी

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।



### आरोपी ने अकेले ही बसना व सरायपाली में घुमकर ज्वेलरी शॉप की रैकी कर दिया था घटना अंजाम

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 9 अगस्त 2022 को प्रार्थी अकाश अग्रवाल पिता प्रमोद अग्रवाल वार्ड नं. 13 बसना द्वारा थाना बसना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह पदमपुर रोड बसना में बुलबुल ज्वेलर्स का संचालन करता है उसी कॉम्पलेक्स इसके भाई विकास अग्रवाल का इलेक्ट्रीकल्स का दुकान भी है। 8 अगस्त 2022 को रात्रि में 9 बजे अपने दुकान को ताला बंद कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह 9 बजे दुकान के सामने का शटर खोल कर अन्दर गया तो देखा कि इसकी ज्वेलरी शॉप व साईड का शटर का ताला टुटा तथा शटर थोडा उठा हुआ था अन्दर जाकर देखा तो ज्वेलरी स्टाक बॉक्स बिखरा व खाली पड़ा था ड्राज एवं गल्ला टुटा हुआ था तथा गल्ला में रखा नगदी रकम नहीं था व उनके इलेक्ट्रानिक दुकान का भी गल्ला टुटा हुआ था जिसमें रखे नगदी रकम नहीं था। दुकान के उपर छत में जाकर देखे तो उपर का शटर टुटा हुआ था किसी अज्ञात चोर द्वारा रात छत के शटर को तोड़कर दुकान अन्दर घुस कर दुकान में रखे सोने के आभूषण वजनी करीबन 350 ग्राम एवं कुछ चांदी के आभूषण कीमति करीब 17 लाख रूपये व नगदी रकम 50 हजार रूपये जुमला कीमति 17 लाख 50 लाख रूपये किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की लिखित रिपोर्ट पर थाना बसना महासमुन्द में अपराध 415/22 धारा 457ए, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक महासमुन्द भोजराम पटेल ने घटना की गंभीरता को देखते हुये एवं शीघ्र घटना स्थल पहुंच कर घटना स्थल निरीक्षण कर सायबर सेल महासमुन्द, थाना बसना की टीम को आरोपी की पता तलाश करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक महासमुन्द द्वारा चार टीम का गठन किया गया। जिसमें टीम 1 का अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली विकास पाटले, टीम 2 का थाना बसना प्रभारी कुमारी चन्द्राकर एवं थाना स्टॉफ, टीम 3 का उनि. संजय राजपूत प्रभारी सायबर सेल, टीम 4 सउनि. प्रकाश नंद व ललित चन्द्रा द्वारा अलग-अलग कार्यों का नेतृत्व किया। सभी टीम को अलग-अलग दिशाओं में सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकि सहायता के मदद से अज्ञात आरोपी के बारे में जानकारी एकत्र करना शुरू किया एवं टीम द्वारा घटना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान चोर द्वारा घटना में प्रयुक्त ताला तोड़ने का पेचकस छोड़ा गया था तथा घटना स्थल के छत के उपर सिनटैक्स पानी टंकी में आरोपी द्वारा घटना के समय पहने बरसाती कपड़ा एवं जिन्स पैन्ट शर्ट को छोड़ा गया था, तथा दुकान में लगें सीसीटीवी फूटेज का भी निरीक्षण किया गया जिसमें आरोपी द्वारा घटना स्थल पर जाकर सीसीटीवी को बंद कर दिया गया था।

आरोपी द्वारा छोड़े गये सामग्रीयों को एवं सीसीटीवी फूटेज को साक्ष्य के तौर पर आधार मान कर उपरोक्त टीमों द्वारा अलग-अलग दिशा में कार्य किया गया। तथा ऐरिया में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया और दुकान में सीसीटीवी फुटेज की भी बारिकी से जॉच कि गई। पूर्व में चोरी के प्रकरण में बंद हुये आरोपियों के रिकार्ड भी खंगाला गया। तथा शरहदी जिलों के चोरी के आदतन अपराधियों के भी जानकारी एकत्र की गई। तकनीकि सहायता के मदद से अज्ञात आरोपी के बारे में जानकारी एकत्र करना शुरू किया। घटना स्थल में प्राप्त सीसीटीवी फूटेज में मिले छाया चित्र को आधार मानकर महासमुन्द जिले एवं शहरदी जिलों में जाकर टीम द्वारा आरोपी के छाया चित्र को दिखाकर पहचान कराया गया। इसी बीच मुखबीर से सूचना मिली की प्राप्त सीसीटीवी फूटेज में कैद छायाचित्र व्यक्ति का हुलिया कन्हैय्या साहू जो बोरियाकला रायपुर में रहता है पूर्व में भी चोरी के प्रकरणों में जेल जा चुका है बताया।

टीम द्वारा उक्त व्यक्ति के बारे में पता तलाश किया गया। मुखबिर के निशानदेही में 23 अगस्त 2022 को बोरियाकला रायपुर में जाकर उक्त संदेही को घेराबंदी कर सायबर सेल टीम के द्वारा पकड़ा। संदेही को टीम द्वारा पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो अपना नाम कन्हैय्या साहू उर्फ कान्हू पिता हीरासिंह साहू उम्र 34 वर्ष बोरियाकला थाना शेजबहार जिला रायपुर का निवासी होना बताया। संदेही से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर पुलिस टीम को गोलमोल जवाब देकर टाल मटोल करने लगा। टीम द्वारा संदेही से कड़ाई से पूछताछ करने पर अतत: टूट गया और अपराध करना स्वीकार किया। बताया कि पूर्व में रायपुर में एक-.दो बार चोरी किया था जिससें पकड़ा गया था तथा जेल भी गया था। जिस कारण रायपुर में पकड़ा जाने से रायपुर से 100-150 किमी दूर जाकर चोरी करना योजना बनाकर रायपुर से ताला तोड़ने का औजार पेचकस, छिनी, हथौड़ी आदि खरीद कर 8 अगस्त 2022 को बस में बैठकर सरायपाली होते हुए बसना पहुंचा तथा चोरी करने हेतु बसना में विभिन्न सराफा दुकानों का पैदल घुम.-घुम कर रैकी किया। जो पदमपुर रोड में एक सराफा दुकान को चोरी करने के लिए निशाना बनाया। और रात्रि होने का इंतजार किया दुकान बंद होने के बाद रात्रि 11:30 बजे दुकान के पीछे तरफ से छत उपर चड़कर, छत उपर लगे शटर को काट कर दुकान अन्दर प्रवेश कर व ज्वेलरी दुकान व इलेक्ट्रीक दुकान में ताला को तोड़कर स्टाक बॉक्स में रखे सोने के आभूषण व चांदी के आभूषण व गल्ला में रखे नगदी रकम को चोरी करना स्वीकार किया। तथा चोरी के सोना व चांदी के आभूषण तथा नगदी रकम को बैग में भर सुबह करीब 5 बजे बसना से बस बैठ कर रायपुर आ जाना बताया व चोरी सोने व चांदी आभुषणों घर के बाड़ी में छिपाकर रखना बताया। आरोपी अन्तर्राजीय आदतन अपराधी किस्म का व्यक्ति है पुलिस अधीक्षक महासमुन्दए द्वारा कार्यवाही में शामिल टीम को 10 हजार रूपये नगद पुरूस्कार देने की घोषणा की।

## भाजपा नेता विकास केडिया ने लांघा बेरीकेड, सीएम निवास के बाहर पुलिस ने किया गिरफ्तार


जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




राजधानी रायपुर में प्रदेश में बढ़ते अपराध में अंकुश लगाने और पंजीकृत बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की मांग को लेकर प्रदेश भाजयुमो के तत्वाधान में आयोजित छग भाजपा के हल्लाबोल प्रदर्शन के दौरान पूरे छग के सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। जिसमें रायगढ़ से पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष व भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास केडिया भी अपने साथियों के साथ राजधानी पहुंचे और पूरे आंदोलन के दौरान काफी आक्रामक तेवर में नज़र आए, जो आखिर में तमाम बेरिकेड को लांघते हुए हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास तक पहुंच गए थे जिन्हे वहां राजधानी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## नवयुवक ने आम पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या की, कार्यवाही में जुटी पुलिस

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



बीती रात नवयुवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम आमापाली की है। जहां बीती रात अजय भगत पिता जनिराम भगत उम्र 20 वर्ष आमापाली निवासी ने अपने ही बोर बाड़ी में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि मृतक 23 अगस्त की रात को घर से निकला था। देर रात घर वापस नहीं आने पर परिजन आस पास खोजने लगे। लेकिन मृतक अजय भगत का कहीं पता नहीं चला। उसके मोबाइल पर फोन लगाने से नहीं उठा रहा था। सुबह मृतक के भाई खोजने के लिए बोर बाड़ी गए। जहां पर भी पता नहीं चला। तब वहीं पर मृतक के मोबाइल पर फोन लगाए तो पास के ही आम पेड़ पर मोबाइल बजने की आवाज सुनाई दी। जब नजदीक जाकर देखे तो आम पेड़ की डाल पर गमछे से लटकते अजय भगत की लाश दिखी। जिसकी सूचना अपने घरवालों को दी। तब परिजन सरपंच के साथ धरमजयगढ़ थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी। जिसपर पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही कर रही है। मृतक ने किस कारण से आत्महत्या की है पता नहीं चल सका है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में महिला कांग्रेस ने डी पुरंदेश्वरी का पुतला फूंका

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



आज रायपुर में प्रदेश बीजेपी के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल निवास घेरने का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ बीजेपी की प्रभारी डी पुरंदेश्वरी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह सहित प्रदेश के अन्य बीजेपी नेताओं द्वारा किया गया था। जिसमें वह सफ्ल नहीं हो पाए तो खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर अनर्गल विवादित टीका-टिप्पणियों के माध्यम से अपनी भड़ास छत्तीसगढ़ बीजेपी की प्रभारी डी पुरंदेश्वरी द्वारा निकाला गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल इसके ऊपर एक्शन लेते हुए डी पुरंदेश्वरी का प्रदेश के सभी जगहों पर पुतला दहन करने और उनके द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करते हुए टीका-टिप्पणी किया गया उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और डी पुरंदेश्वरी पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया जाएगा। उसी संदर्भ में छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा और राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम के आदेशानुसार रायगढ़ महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्षा रानी चौहान की अगुवाई में स्थानीय स्टेशन चौक पर छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रभारी डी पुरंदेश्वरी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया, और डी पुरंदेश्वरी और बीजेपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी और मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। महिला कांग्रेसियों में इतना गुस्सा था कि बरसते पानी का भी कोई असर नहीं हुआ और उन्होंने अपनी भड़ास डी पुरंदेश्वरी के पुतले और बीजेपी के खिलाफ नारेबाजी करके उतारी।

## पोटियाकला वार्ड से ट्रैचिंग ग्राऊंड हटाने बनी सहमति

**दुर्ग** । वार्ड 53, 54 पोटियाकला दुर्ग में ट्रैचिंग ग्राऊंड के प्रदूषण से परेशान वार्डवासियों ने बैठक आयोजित कर कचरा हटाए जाने की मांग रखी। बैठक में नगर निगम के मुख्य कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, पार्षद अनूप कुमार चंदनिया सहित वार्ड 53, 54 के सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा के बाद अधिकारियों द्वारा नये ट्रैचिंग ग्राऊण्ड के लिए जमीन तलाशने 4 माह का समय मांगा गया। इस 4 माह समय अवधि तक ही ट्रैचिंग ग्राऊण्ड में कचरा डम्प होने की बात अधिकारियों ने की हैं।

## नगर पंचायत कार्यालय में गाली गलौज एवं मारपीट, सीएमओ ने थाने में दी लिखित शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



नगर पंचायत धरमजयगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने लिखित में आवेदन दिया है। थाना प्रभारी को दिये आवेदन में कहा गया है कि दिवाकर यादव पिता शिव यादव निवासी वार्ड क्रमांक 8 पतरापारा जो शराब पीकर नगर पंचायत कार्यालय में आकर गाली गलौज करते हुए कम्प्यूटर को मुक्के से मारा है। जिससे कम्प्यूटर चालू नहीं हो रहा है। वहीं प्रधानमंत्री आवास सर्वेयर जयदेव साना एवं लाकेश बरेठ के साथ मारपीट किया है। दिवाकर यादव दो घण्टों तक कार्यालय में कर्मचारियों को गाली गलौज कर शोर मचाते हुए शासकीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न किया है। जिसका पूरा वीडियो सीसी टीवी में कैद हो गया है। दिवाकर का दोस्त शिव यादव ने भी मारपीट किया। उक्त दोनों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करने लिखित शिकायत सीएमओ धरमजयगढ़ थाने में दी है।

## एक नजर

### जहरीले सांप के काटने से महिला की हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

बरसात आते ही जहरीले जीव जंतुओं के काटने की घटना बढ़ जाती है। जिसमें जहरीले सांप के काटने से सही समय पर इलाज नहीं हो पाने के कारण कई लोगों की जान चली जाती है। आज भी एक महिला की सांप काटने से मृत्यु हो गई है। बताया जा रहा है कि मृतिका ललिता बाई राठिया पति आशाराम राठिया उम्र 31 वर्ष निवासी क्रोन्धा जो बीती रात खाना खाकर जमीन में बिस्तर लगाकर सोई थी। सुबह लगभग 5.30 बजे अपने पति को बताई की मुझे चक्कर आ रहा है एवं हाथ पैर में जलन हो रही है। तब उसके पति ने आसपास देखा तो अलमारी के नीचे जहरीला करैत सांप दिखाई दिया। तब उसके काटने की शंका हुई। परिजन महिला को लेकर इलाज के लिए सिविल अस्पताल आ रहे थे। तभी रास्ते में महिला बेहोश हो गई। बेहोशी के हालात में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया जहां जांच के दौरान ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि कुछ समय पहले ही इसकी मौत हो चुकी है।

### राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन को इतिहास के आईने में छत्तीसगढ़ पुस्तक भेंट की गई - शंकर पांडेय वरिष्ठ पत्रकार

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडेय ने छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन को अपनी पुस्तक इतिहास के आईने में छत्तीसगढ़ भेंट की राज्य सभा सदस्य ने उन्हें बधाई दी ओर कहा कि इसे पढ़कर छत्तीसगढ़ के बारे में जानने का मौका मिलेगा। वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडेय द्वारा प्रति सप्ताह आइना के छत्तीसगढ़ निकालते है जिसका इंतजार राजनीतिक से प्रशासनिक अधिकारियों को रहता है जिसमे प्रदेश की ही नहीं देश की ऐसी अनछुये किस्से होते है जानकारी होती है। इन सभी कॉलम को जोड़कर एक विशाल संग्रह बनाने का प्रयास किया गया है जो एक पुस्तक के रूप में इतिहास के आईने में छत्तीसगढ़ के रूप में पूरा हुआ है। इसके पूर्व पांडेय की पुरतक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी सराहना की इसे पढ़कर छत्तीसगढ़ की बहुत जानकारी उन्हें भी हुई है और अनुरोध भी किया आप इसी प्रकार की पुस्तक आगे भी निकालते रहे।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर गरीबों को भोजन व केक खिलाया

**दुर्ग** । जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग द्वारा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में जाकर भूपेश बघेल को तिलक लगाकर केक कटवाकर जन्मदिवस की बधाई दी गयी। संस्था द्वारा जो केक कटवाया गया उस केक को लाकर दुर्ग रेलवे स्टेशन में गरीब असहाय जनों को भोजन के साथ साथ मिष्ठान, नमकीन एवं केक वितरण किया गया, और सभी को मुख्यमंत्री के जन्मदिवस की बधाई दी गयी। हर साल कि तरह इस वर्ष भी जन समर्पण सेवा संस्था ने मुख्यमंत्री का जन्मदिवस मानव सेवा के रूप में मनाया, जिसमें लगभग 150 जरूरतमंदों को रात्रि 8 बजे नि:शुल्क भोजन खिलाया गया एवं उन्हें जरूरत की समाग्री साबुन, निरमा, बिस्किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के विशेष सहयोगी संरक्षक राजेन्द्र साहू, अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी, सुरेश देवांगन, सरोज यादव, राहुल शर्मा, अर्जित शुक्ला, जयंत देशमुख, आशीष मेश्राम, प्रकाश कश्यप, शिशु शुक्ला, छोटेलाल यादव अहमद चौहान, राकेश सिन्हा, राम कुमार, मुकेश साहू, एवं अन्य उपस्थित थे।

### फेडरेशन की बेमुद्दत हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

**जगदलपुर** । कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के अनिश्चत कालीन आंदोलन के तीसरे दिन बुधवार को भी जिले के लगभग सभी शासकीय कार्यालयों के काम-काज हड़ताल के चलते बंद है, स्कूलों में भी ताले लटके रहे। कलेक्ट्रेट कार्यालय में केवल ए ग्रेड के अधिकारी मौजूद रहे, सरकारी कार्यालयों के बी ग्रेड अधिकारीयों से लेकर क्लर्क और चपरासी तक हड़ताल पर है।

## एकल अभियान अंचल स्तरीय आचार्य चयन वर्ग संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




भाग अम्बिकापुर अंचल रायगढ़ के पांच संच की आचार्य चयन वर्ग संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस वर्ग का आयोजन धरमजयगढ़ किया गया था। जो 21 अगस्त से 23 अगस्त तक चला चयन वर्ग आवासीय था। प्रथम दिवस भारत माता एवं माता सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना कर वर्ग का शुभारंभ किया गया। जिसके बाद अनेक सत्र हुए। द्वितीय दिवस के चौथे सत्र में अंचल समिति अध्यक्ष राजीव कुमार दुबे, अंचल श्रीहरी सत्संग समिति अध्यक्ष लक्ष्मण डांगी, सदस्य सुरेश उपस्थित हुए। जिनके द्वारा आचार्य चयन के विषय में विस्तार से बताया गया। वर्ग के अंतिम दिवस समापन सत्र में संच धरमजयगढ़ अध्यक्ष भरत लाल साह ने संबोधित करते हुए सभी चयनित आचार्यों को बधाई शुभकामनाएं दी एवं मिले दायित्वों को भली भांति निर्वहन करने सभी से आग्रह किए। संकुल सदस्य गोकुल नारायण यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी जमीनी स्तर पर कार्य करते हैं। आप सभी के अथक परिश्रम से समाज को नई दिशा मिलेगी। समापन सत्र में जगन्नाथ यादव, किशोर कुमार राठिया, शशी पटेल, विश्वजीत विश्वास, भाग अरोग्य योजना प्रमुख सुश्री रामशीला सिदार अंचल रायगढ़ के सभी अंचल टोली के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in